
■ पौष कृष्णा - 6 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 158 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 02-01-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 हम ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ जल्द से जल्द रोकने का प्रयास करेंगेः दीप्ति शर्मा

6 वर्ष 2023 में भारत में निवेशक हुए मालामाल

7 जरूरत पड़ने पर अमेरिका, द.कोरिया का 'नामोनिशान मिटा' देना चाहिए






## फर्स्ट टेक

### अदालत के धन का गबनः तमिलनाडु में कर्मचारी की संपत्ति ईडी ने कुर्क की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने अदालत के धन के कथित गबन के मामले में तमिलनाडु में एक अदालत अनुवादक और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जांच के तहत एक भूखंड, भवन, एक एसयूवी और नकदी सहित कुल 1.15 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि आरोपी सी थिनगराजा पर सबसे पहले तंजावुर जिले की पट्टुकोट्टई पुलिस की जिला अपराध शाखा (डीसीबी) ने न्यायिक अदालत के धन के गबन का मामला दर्ज किया था। आरोप है कि पट्टुकोट्टई में तृतीय अतिरिक्त जिला अदालत में अनुवादक/केंद्रीय नाजिर के रूप में काम करते हुए थिनगराजा मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के संबंधित भुगतान कार्यों को देखता था जिसके दौरान उसने न्यायाधीश के हस्ताक्षर के बिना धोखाधड़ी से बैंकों के लिए भुगतान निर्देश तैयार किए और इन पर हस्ताक्षर किए।

### एलआईसी को 806 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस मिला

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने सोमवार को कहा कि कर अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2017-18 के लिए कथित तौर पर जीएसटी का कम भुगतान करने के लिए उसे लगभग 806 करोड़ रुपये की मांग का नोटिस भेजा है। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे महाराष्ट्र राज्य के लिए ब्याज और जुर्माने के साथ जीएसटी संग्रह के लिए सोमवार को एक आदेश मिला है। कंपनी ने कहा कि वह निर्धारित समयसीमा के भीतर इस आदेश के खिलाफ आयुक्त (अपील), मुंबई के समक्ष अपील दायर करेगी। नियामकीय सूचना के मुताबिक, इस नोटिस का एलआईसी की वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई भौतिक प्रभाव नहीं पड़ा है।

| | |
|---|---|
| 02-01-2024 सूर्यास्त 6:04 बजे | 03-01-2024 सूर्योदय 6:42 बजे |
| BSE 72,271.94 (+31.68) | NSE 21,741.90 (+10.50) |
| सोना 6,571 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 76,652 रु. प्रति किलो |

# पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह का इसरो ने सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में ब्लैक होल का अध्ययन करने में मदद करने वाले अपने पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह का सोमवार को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण करने के साथ 2024 की शुरुआत की। इसरो के सबसे भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) से अंतरिक्ष में ले जाने वाले पेलोड में से एक को महिलाओं ने बनाया है, जिसके कारण भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसे देश के लिए प्रेरणा बताया है।



पीएसएलवी-सी58 रॉकेट अपने 60वें मिशन पर मुख्य पेलोड एक्सपोसैट को लेकर गया और उसे पृथ्वी की 650 किलोमीटर निचली कक्षा में स्थापित किया। बाद में वैज्ञानिकों ने पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल (पोअम) प्रयोग करने के लिए उपग्रह की कक्षा को कम कर इसकी ऊंचाई 350 किलोमीटर तक कर दी।

मिशन नियंत्रण केंद्र में इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा, आप सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं। एक जनवरी 2024 को पीएसएलवी का एक और सफल अभियान पूरा हुआ। पीएसएलवी-सी58 ने प्रमुख उपग्रह एक्सपोसैट को निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा, इस बिंदु से पीएसएलवी के चौथे चरण की कक्षा सिमटकर निचली कक्षा में बदल जाएगी जहां पीएसएलवी का ऊपरी चरण जिसे 'पोअम' बताया गया है वह पेलोड के साथ प्रयोग करेगा और उसमें थोड़ा वक्त लगेगा।

एक्सपोसैट एक्स-रे स्रोत के रहस्यों का पता लगाने और 'ब्लैक होल' की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करने में मदद करेगा। यह, ऐसा अध्ययन करने के लिए इसरो का पहला समर्पित वैज्ञानिक उपग्रह है।

अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दिसंबर 2021 में सुपरनोवा विस्फोट के अवशेषों, ब्लैक होल से निकलने वाले कणों की धाराओं और अन्य खगोलीय घटनाओं का ऐसा ही अध्ययन किया था।

सोमनाथ अंतरिक्ष विभाग के सचिव भी हैं। उन्होंने कहा, यह भी बता दूं कि उपग्रह को जिस कक्षा में स्थापित किया गया है वह उत्कृष्ट कक्षा है। लक्षित कक्षा 650 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा से केवल तीन किलोमीटर दूर है और झुकाव 001 डिग्री है जो बहुत उत्कृष्ट कक्षीय स्थितियों में से एक है। दूसरी घोषणा यह है कि उपग्रह के सौर पैनल को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया

### राम मंदिर में 22 जनवरी दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी प्राण-प्रतिष्ठा की रस्म

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** अयोध्या में भगवान राम के मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा की रस्म आगामी 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी। राम मंदिर का निर्माण करा रही संस्था श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, प्राणप्रतिष्ठा दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी। उन्होंने कहा, प्राणप्रतिष्ठा के बाद आरती करो, पासपड़ोस के बाजारों में, मुहल्लों में भगवान का प्रसाद वितरण करो और सायंकाल सूर्यास्त के पश्चात दीपक जलाओ। ऐसा ही निवेदन आग्रह प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) जी ने अयोध्या से सारे संसार का आह्वान करते हुए किया है। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में 'रामलला' की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को की जाएगी। इसे लेकर जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत देश की अनेक जानीमानी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है।

## गोल्डी बराड़ को सरकार ने आतंकवादी घोषित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कनाडा में रह रहे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को भारत में हत्याएं करने के इरादे से सीमा पार से ड्रोन के जरिए हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों की तस्करी में शामिल होने के मामले में सोमवार को सरकार ने आतंकवाद रोधी कानून के तहत आतंकवादी घोषित कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि सतविंदर सिंह उर्फ सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा रहा है। अधिसूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार का मानना है कि वह आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है और इसलिए उसे गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित किया जाता है।

### पाकिस्तान, पीओके में मौजूद 23 आतंकवादी भगोड़े घोषित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू/भाषा। जम्मू-कश्मीर की एक अदालत ने सोमवार को किश्तवाड़ जिले के ऐसे 23 आतंकवादियों को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया, जो पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि डोडा की विशेष यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) अदालत ने इन आतंकियों के खिलाफ दर्ज मामलों के संबंध में उसके सामने पेश होने के लिए एक महीने का समय दिया है, अन्यथा उनकी संपत्तियां कुर्क कर ली जाएंगी।

उन्होंने कहा कि सोमवार के अदालती आदेश के साथ ही किश्तवाड़ में भगोड़ा घोषित अपराधियों की कुल संख्या 36 हो गई है।

## मोदी आज तमिलनाडु को देंगे विकास परियोजनाओं की सौगात

### तिरुचिरापल्ली हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन भी करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/दक्षिण भारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुबह करीब 10.30 बजे तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली पहुंचेंगे। वे यहां भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वे दोपहर करीब 12 बजे तिरुचिरापल्ली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विमानन, रेल, सड़क, तेल और गैस, शिपिंग और उच्चतर शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी 19,850 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, राष्ट्र को समर्पित करेंगे और उनकी आधारशिला रखेंगे।

प्रधानमंत्री करीब 3.15 बजे अगात्ती, लक्षद्वीप पहुंचेंगे, जहां वे एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित करेंगे। वे 3 जनवरी को दोपहर लगभग 12 बजे लक्षद्वीप के कावारत्ती में अनेक विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे और दूरसंचार, पेयजल, सौर ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों से संबंधित अनेक विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी भारतीदासन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी देंगे। वे जनसमूह को संबोधित करेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। यह टर्मिनल भवन 1100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया गया है।

प्रधानमंत्री अनेक रेलवे परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें 41.4 किलोमीटर लंबे सेलम-मैग्नेसाइट जंक्शन-ओमालूर-मेट्टूर बांध खंड के दोहरीकरण की परियोजना, मदुरै-तूतीकोरिन तक 160 किलोमीटर के रेल लाइन खंड के दोहरीकरण की परियोजना, रेल लाइन विद्युतीकरण के लिए तीन परियोजनाएं यानी तिरुचिरापल्ली- मनामदुरै- विरुधुनगर, विरुधुनगर - तेनकासी जंक्शन, सेनगोट्टई - तेनकासी जंक्शन - तिरुनेलवेली तिरुचेंदूर शामिल हैं।

प्रधानमंत्री सड़क क्षेत्र की पांच परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### दो हजार मूल्य के 9330 करोड़ रुपये अभी भी तंत्र में

**मुंबई/वार्ता।** भारतीय रिजर्व बैंक ने आज कहा कि गत 19 मई को प्रचलन से हटाये गये दो हजार रुपये के 9330 करोड़ रुपये के बैंक नोट तंत्र में है जबकि 29 दिसंबर तक 97.38 प्रतिशत बैंक नोट उसके पास वापस आ चुके हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 मूल्य के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। उसने कहा कि 19 मई 2023 को प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ था। 29 दिसंबर को कारोबार समाप्त होने तक 2000 रुपये के 9,330 करोड़ रुपये के बैंक नोट वापस नहीं आये थे। इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों में से 97.38 प्रतिशत वापस आ गए हैं। आरबीआई द्वारा 2000 मूल्यवर्ग के बैंक नोटों की वापसी की स्थिति समय-समय पर प्रकाशित की जाती रही है। 2000 के बैंक नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा शुरुआत में 30 सितंबर, 2023 तक देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी।



### कहीं हुड़दंग तो कहीं आस्था के साथ

## लोगों ने किया नववर्ष 2024 का स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/पणजी/नई दिल्ली/शिलांग/कोहिमा/शिमला/भाषा।** देश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों ने अपने-अपने तरीकों से 2023 को अलविदा कहा और नववर्ष का स्वागत किया। कुछ राज्यों में जहां पुलिस हुड़दंगियों पर नकेल कसने में जुटी रही तो वहीं कुछ राज्यों में लोगों ने मंदिरों में भगवान के दर्शन कर तो कुछ ने बरसों से चले आ रहे अपने रीति रिवाजों के अनुरूप नववर्ष का आगाज किया।

तेलंगाना के हैदराबाद शहर और उसके आस-पास के उपनगरों के तीन पुलिस कमिश्नरेट के पुलिसकर्मियों ने नववर्ष के जश्न के दौरान चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए कुल 3,001 लोगों पर मामला दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए यह अभियान 31 दिसंबर, 2023 को रात आठ बजे से एक जनवरी की सुबह तक चलाया गया।

पुलिस ने बताया कि हैदराबाद पुलिस कमिश्नरेट के सीमा क्षेत्र में शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए 1,243 लोगों को पकड़ा गया और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वहीं साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट में इस तरह के 1,241 मामले और रचाकोंदा में 517 मामले दर्ज किए गए।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### चयनकर्ता

जो खुद चुनाव ना लड़ सकते,
वे बने चयन के अधिकारी।
दागी दोषी हों भले मगर,
दल रहते उनके आभारी।
धनबल भुजबल या छलबल के,
होते जो अतुलित बलधारी।
दल जीते जिन षड़यंत्रों से
उन यंत्रों के वे व्यापारी।।

# जापान में समुद्र तट पर भूकंप के तेज झटके, सुनामी की चेतावनी जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com







**टोक्यो/एपी।** जापान ने सोमवार को पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए जाने के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की और लोगों से तटीय इलाकों से जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर चले जाने को कहा।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे इशिकावा के समुद्र तटों और आसपास के प्रांतों में भूकंप आने की सूचना दी, जिनमें से एक की प्रारंभिक तीव्रता 7.6 मापी गई।

इसने इशिकावा के लिए एक गंभीर स्तर की सुनामी चेतावनी और होंशू द्वीप के बाकी पश्चिमी तट के लिए निचले स्तर की सुनामी चेतावनी जारी की।

जापान के सरकारी प्रसारक 'एनएचके टीवी' ने चेतावनी दी कि समुद्र में लहरें पांच मीटर तक पहुंच सकती हैं। इसने लोगों से जल्द से जल्द ऊंचे स्थानों या पास की इमारत की ऊपरी मंजिलों पर चले जाने का आग्रह किया।

एनएचके के मुताबिक, सुनामी की लहरें उठने के चलते शुरुआती चेतावनी के बाद भी अलार्म लगभग दो घंटे तक बजता रहा। प्रांत में भूकंप बाद के झटके आने से लोगों में डर का माहौल बन गया।

सरकार के प्रवक्ता योशिमासा हयाशी ने संवाददाताओं को बताया कि भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में स्थित परमाणु संयंत्रों को किसी तरह का नुकसान पहुंचने की सूचना नहीं है। उन्होंने तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों से जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील करते हुए कहा, हर एक मिनट अहम है। कृपया तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। एनएचके के मुताबिक, जापान के पश्चिमी तट पर निगाटा और अन्य क्षेत्रों में लगभग तीन मीटर ऊंची सुनामी आने की आशंका जताई गई। इसके अनुसार, समुद्र तट पर कम ऊंचाई की सुनामी लहरें पहले ही दर्ज की गई हैं।

### जापान में भारतीय दूतावास ने आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया

**टोक्यो/भाषा।** जापान के पश्चिमी तट पर आए कई शक्तिशाली भूकंप के झटकों को लेकर जारी सुनामी अलर्ट के बाद यहां स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को उन भारतीयों के लिए एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जो किसी तरह की मदद चाहते हैं। जापान ने सोमवार को अपने पश्चिमी तट पर आए कई शक्तिशाली भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की और लोगों से समुद्र तटीय इलाकों को खाली करने के लिए कहा। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट करके कहा, दूतावास ने एक जनवरी, 2024 को आए भूकंप और सुनामी के संबंध में किसी से भी संपर्क करने के लिए एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। किसी भी सहायता के लिए नंबर और ईमेल आईडी पर संपर्क किया जा सकता है। टोक्यो में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर कहा, एक जनवरी, 2024 को आए भूकंप और सुनामी के संबंध में किसी से भी संपर्क करने के लिए एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

## कम्बल वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु स्टार्स के सदस्यों ने गत वर्ष के आखिरी दिनों में 300 जरुरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए। सदस्यों ने सिटी रेलवे स्टेशन, मैजेस्टिक बस स्टैंड, केआर मार्केट और क्लासिपालयम में आदि क्षेत्र के साथ साथ चार वृद्धाश्रमों में कम्बल वितरण किया। शाखा के अध्यक्ष संदीप चनानी, उपाध्यक्ष राहुल गोयनका, विक्की अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पुनीत गोयल, अर्चित बजाज, डॉ. प्रकाश जैन, रमन जैन, आयुष अग्रवाल सहित शिप्रा अग्रवाल व कार्यक्रम के संयोजक गोरांग गुप्ता एवं सुनील अग्रवाल ने मानवसेवा कार्य में सेवा दी।

## मानव सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तेरापंथ युवक परिषद् राजराजेश्वरीनगर के सदस्यों ने सांत्वना सेवा ओल्ड एज होम आरआर नगर मं निवासित लोगों के लिए प्रकाशचंद्र, विपुल पितलिया परिवार के सौजन्य से राशन सामग्री वितरित की गई। परिषद अध्यक्ष विकाश छाजेड़, सेवाकार्य सह प्रभारी हिमांशु बोथरा, विपुल पितलिया , अरिहंत पितलिया व सहप्रभारी हिमांशु बोथरा ने पितलिया परिवार सहित सभी उपस्थित जनों को धन्यवाद दिया।

## मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कर्नाटक के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मनोज जैन से उनके कार्यालय में जैन समाज के बाबूलाल मेहता, गौतमचन्द धारीवाल, कैलाशचन्द जैन, मितेश सुराणा आदि ने मुलाकात की अल्पसंख्यकों के विकास के मुद्दे पर चर्चा की। सदस्यों ने सचिव मनोज जैन को अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र बनाने में आ रही परेशानियों से अवगत कराते हुए सहयोग की अपील की।

# ममता बनर्जी ने टीएमसी के 27वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को दी बधाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/वार्ता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की संस्थापक व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को पार्टी के 27वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी 'मां-माटी मानुष' ने हमेशा लोगों के कल्याण के साथ-साथ देशवासियों के लिए भी बड़ा प्रयास किया है। पूर्व कांग्रेस नेता बनर्जी ने आज ही के दिन 1998 में इस पुरानी पार्टी के



साथ वर्षों बिताने के बाद कुछ अनुयायियों के साथ टीएमसी की स्थापना की थी और उन्हें समझ आ गया था कि एआईसीसी पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे से नहीं लड़ेगी। दो असफल विस चुनावों के बाद सुश्री बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी ने कम्युनिस्टों को बाहर कर दिया, जिन्होंने पूर्वी भारत के इस हिस्से (बंगाल) में तीन दशकों तक शासन किया था। सुश्री बनर्जी ने बयान में कहा,मैं हमारी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और समर्थक के समर्पण और आत्म-बलिदान का विनम्रतापूर्वक सम्मान करती हूं। आज टीएमसी परिवार को सभी के प्यार और स्नेह का आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा,आपने हम पर जो अटूट विश्वास जताया है और हमें वर्षों तक लगन से आपकी सेवा करने के लिए सशक्त बनाया है, उसके लिए आपके प्रति हमारी हार्दिक कृतज्ञता है।



# एयर इंडिया 22 जनवरी से शुरू करेगी ए350 विमानों का परिचालन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** एयर इंडिया 22 जनवरी से घरेलू मार्गों पर अपने पहले ए350 विमान का परिचालन शुरू करेगी। इसमें पहली उड़ान बेंगलूरु से मुंबई के लिए होगी। ए350-900 विमान में 316 सीटें होंगी। इसमें 28 बिजनेस क्लास, 24 प्रीमियम इकनॉमी और 264 इकनॉमी श्रेणी की सीटें होंगी।

एयरलाइन ने सोमवार को बयान में कहा, भारत का पहला एयरबस ए350 इस महीने 22 तरीख को वाणिज्यिक परिचालन में आएगा। इसकी उड़ानें बेंगलूरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई से परिचालित होंगी। बयान के अनुसार, बाद में ए350 विमानों को लंबी दूरी की उड़ानों के लिए तैनात किया जाएगा।

एयर इंडिया ने सोमवार को ए350 उड़ानों के लिए बुकिंग शुरू कर दी। एयरलाइन के ए350-900 विमानों में से 20 विमानों की पहली खेप 23 दिसंबर को दिल्ली पहुंची।

# कृत्रिम मेधा के लिए सहयोगी नियामकीय ढांचे की जरूरत: राव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कृत्रिम मेधा (एआई) से अधिकतम लाभ उठाने के लिए एक सहयोगी नियामकीय ढांचे पर जोर देने के साथ वित्तीय प्रणाली पर इसके संभावित प्रतिकूल प्रभावों को लेकर सजग रहने को भी कहा है।

राव ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित इंडियन इकनॉमिक एसोसिएशन के सालाना समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समर्थकों की नजर में एआई का उभार भविष्य बदलने जा रहा है और लोग इसे जोर-शोर से आजमा रहे हैं। उन्होंने कहा, हम कई बैंकों और गैर-बैंकिंग इकाइयों को एआई से जुड़े प्रयोग करते हुए देख रहे हैं। हालांकि, अबतक का वैश्विक अनुभव यही बताता है कि इसका इस्तेमाल ज्यादातर बैक-ऑफिस कार्यों और दक्षता के लिए कारोबारी प्रक्रियाओं के अनुकूलतम उपयोग तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि कुछ बैंकों ने अनुपालन जरूरतों के



लिए एआई समाधान अपनाए हैं जिनमें लेनदेन या भुगतान में एक तरीके की पहचान कर धनशोधन गतिविधियों का पता लगाने या सीमापार लेनदेन और निपटान की सुविधा शामिल है। राव ने कहा कि एआई की बदलावकारी प्रकृति और क्षमता को देखते हुए जेनरेटिव एआई उत्पादकता, नौकरियों और आय वितरण पर गहरा असर डाल सकता है। एक तरफ एआई के समर्थक इसे अर्थव्यवस्था और समाज के लिए व्यापक लाभदायक होने की उम्मीद करते हैं जबकि कुछ संशयवादी लोग इसकी वजह से बेरोजगारी बढ़ने और अन्य सामाजिक परिणामों की ओर इशारा करते हैं। उन्होंने कहा, हमें संभावित प्रतिकूल प्रभाव के प्रति सजगता दिखाते हुए एआई से लाभ लेने के लिए एक सहयोगी नियामकीय ढांचा बनाने की जरूरत है।

# चीनी वर्चस्व को भारत की चुनौती से पैदा होंगे अभूतपूर्व निवेश के अवसर: महिंद्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा है कि दुनिया आपूर्ति शृंखला पर चीन के दबदबे को चुनौती देने वाले एक भरोसेमंद विकल्प के तौर पर भारत को देखना चाहती है जिससे वर्ष 2024 में अभूतपूर्व निवेश के अवसर पैदा होंगे।

महिंद्रा ने नववर्ष संदेश में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कई दशकों से प्रतीक्षित उछाल भरने के लिए तैयार है और मनचाहे उत्पादों की पेशकश कर सकने वाली कंपनियों को नए साल में बढ़ती मांग को पूरा करने की खूबसूरत चुनौती का सामना करने में खुशी होगी। उन्होंने नए साल को नई शुरुआत के लिए खास अवसर बताते हुए कहा, इस बात से कोई फर्क नहीं



पड़ता है कि पिछला साल कितना खराब रहा है, मानवीय प्रेरणा हमेशा उम्मीद का दामन थामती है। 2023 में संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और कोविड महामारी के बाद के सुधार में आई सुस्ती हावी रही। इस साल का समापन नया जोश भरने की चाहत के साथ हुआ। महिंद्रा समूह के मुखिया ने नए साल को नया अध्याय, आशावाद व नई शुरुआत का अवसर बताते हुए कहा, वैश्विक स्तर पर दुनिया चाहती है कि भारत आपूर्ति शृंखला में चीन के वर्चस्व को चुनौती देने वाला एक भरोसेमंद विकल्प बने। यह 2024 में एक बड़ा मौका है।

# 'हिट एंड रन' मामले पर नए कानून के विरोध में टैंकर चालकों ने काम बंद किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नासिक/भाषा।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में सोमवार को टैंकर चालकों ने काम बंद कर दिया और एक हजार से अधिक टैंकर पनेवाडी गांव में खड़े कर दिए। पनेवाडी गांव एक ईंधन डिपो है, जहां ये टैंकर खड़े किए गए।

टैंकर चालकों ने यह कदम हिट-एंड-रन मामले में चालक को 10 वर्ष तक की जेल की सजा का प्रावधान करने वाले नए कानून के विरोध में उठाया है।

नंदगांव तालुका के पनेवाड़ी गांव में भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल के ईंधन डिपो हैं साथ ही यहां एलपीजी गैस भरने का भी स्टेशन हैं। इन डिपो से ईंधन राज्य के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाया जाता है।

टैंकर चालक भारतीय न्याय संहिता के उस प्रावधान का विरोध कर रहे हैं, जिसके तहत लापरवाही से गाड़ी चलाने पर गंभीर सड़क दुर्घटना होने और पुलिस या प्रशासन के किसी अधिकारी को





सूचित किए बिना मौके से भागने वाले चालकों को 10 साल तक की सजा या सात लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान है।

नासिक जिला पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भूषण भोसले ने कहा, अगर आंदोलन बंद नहीं किया गया तो नासिक जिले के कई ईंधन स्टेशन बंद हो जाएंगे क्योंकि वे डीलरों को अपने टैंकर भरने नहीं दे रहे हैं। द्वार बंद कर दिए गए हैं और एक भी टैंकर को ईंधन नहीं ले जाने दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कम से कम 1,200 टैंकरों ने काम बंद कर दिया है। पुलिस और प्रशासन को हस्तक्षेप करना होगा और आंदोलन को रोकने के लिए कार्रवाई करनी होगी। इस बीच, छत्रपति संभाजीनगर में पेट्रोल पंप डीलरों के एक संघ ने कहा कि अगर स्थिति सामान्य नहीं हुई तो कल तक जिले के ईंधन पंप बंद हो सकते हैं।

पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के सचिव अकील अब्बास ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि छत्रपति संभाजीनगर में कुछ पेट्रोल पंपों पर काम पहले ही बंद हो चुका है। प्रदर्शनकारी टैंकर चालकों में से एक सैयद वाजेद ने कहा, नए कानून के अनुसार, हिट एंड रन' मामलों में 10 साल तक की जेल और सात लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। हम ड्राइवर हैं हम इतनी बड़ी राशि कैसे भर सकते हैं?''

# सीट आवंटन को लेकर एमवीए में कोई मतभेद नहीं: पटोले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने सोमवार को कहा कि आगामी चुनावों के लिए सीट आवंटन को लेकर महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में कोई मतभेद नहीं है। पटोले ने यह भी कहा कि (लोकसभा चुनाव 2024 के वास्ते) टिकटों के वितरण के लिए जीतने की क्षमता मानदंड होगी।

एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) और कांग्रेस शामिल हैं। पटोले ने संवाददाताओं से कहा, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सीट के आवंटन पर अपना रुख पहले ही स्पष्ट कर दिया है। कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा का लक्ष्य



भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में हराना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी को साथ लेकर भाजपा से लड़ना चाहती है और आरोप लगाया कि सीट के आवंटन को लेकर सत्तारूढ़ महायुति (महागठबंधन) में मतभेद पैदा हो गए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया, इन मतभेदों को खत्म करने के लिए, भाजपा अंततः अपने सहयोगियों को चुप कराने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल करेगी। महायुति में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) शामिल है।

# 'अयोध्या इंटरनेशनल हवाई अड्डे का नाम भगवान वाल्मीकि पर रखने से वाल्मीकि समाज गौरवान्वित'



**चंडीगढ़/वार्ता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पंजाब के उपाध्यक्ष राजेश बाघा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या नगरी के इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम भगवान महार्षि वाल्मीकि के नाम पर रखने का एतिहासिक निर्णय लिया गया है, जिसके लिए समूचा सनातनी एवं वाल्मीकि समाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता है।

बाघा ने कहा कि आज तक कांग्रेस की सरकारों ने वाल्मीकि समाज को सिर्फ अपने वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी ने वाल्मीकि समाज का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है।

# इसरो ने वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए पीएसएलवी-सी58 के चौथे चरण को सफलतापूर्वक दो बार अंजाम दिया

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** इसरो ने सोमवार को वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) रॉकेट के चौथे चरण को दो बार सफलतापूर्वक अंजाम दिया। सोमवार सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर 44.4 मीटर लंबे पीएसएलवी रॉकेट ने पहले 'लॉन्च पैड' से उड़ान भरने के 21 मिनट बाद प्राथमिक उपग्रह 'एक्सपोसैट' को पृथ्वी की 650 किलोमीटर निचली कक्षा में स्थापित कर दिया। बाद में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने वैज्ञानिक प्रयोग करने के लिए ऊंचाई को 650 किलोमीटर से घटाकर 350 किलोमीटर करने के लिए पीएसएलवी रॉकेट के चौथे चरण की कवायद को दो बार अंजाम दिया।

# महाराष्ट्र अब विदेशी निवेश के लिए पसंदीदा स्थान है: मुख्यमंत्री शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य विभिन्न देशों से निवेश के लिए पसंदीदा स्थान बन गया है और यह राज्य के अनुकूल कारोबारी माहौल को दर्शाता है। शिंद ने नए साल का आगाज यहां आधी रात को एक रक्त दान शिविर में हिस्सा लेकर किया।

शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान और मुंबई में जारी गहन सफाई अभियान के सकारात्मक प्रभाव पर भी बात की। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि दावोस बैठक (2023 में) में हस्ताक्षरित 85 प्रतिशत समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का सफल क्रियान्वयन हुआ है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र



विभिन्न देशों के निवेश के लिए एक पसंदीदा स्थान बन गया है। शिंदे ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से उनकी सरकार के सत्ता संभालने के बाद से 20,000 से अधिक लोगों को 165 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता प्रदान की गई, जबकि पहले केवल दो से तीन करोड़ रुपए की मदद की जाती थी। मुख्यमंत्री शिंदे ने स्वच्छ, हरित और स्वस्थ मुंबई के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

# नववर्ष की पूर्व-संध्या पर जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट ने तोड़े ऑर्डर के सारे रिकॉर्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** खानपान एवं जरूरत के सामान की ऑनलाइन बिक्री करने वाले जोमैटो, ब्लिंकिट और स्विगी जैसे मंचों पर आने वाले ऑर्डर में नए साल की पूर्व-संध्या पर बड़े पैमाने पर वृद्धि देखी गई।

इन त्वरित आपूर्ति मंचों के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर नए साल की पूर्व-संध्या पर मिले ऑर्डर के रुझानों के बारे में यह जानकारी दी।

जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने अपने पोस्ट में कहा कि नए साल की पूर्व-संध्या पर उनके मंच को 2015-2020 के दौरान नव-वर्ष की पूर्व-संध्या पर संयुक्त रूप से मिले ऑर्डर जितने ऑर्डर मिले। गोयल ने इसे दिलचस्प आंकड़ा बताते हुए कहा कि जोमैटो भविष्य




को लेकर उत्साहित है। जोमैटो के स्वामित्व वाले त्वरित वाणिज्य आपूर्ति मंच ब्लिंकिट के सह-संस्थापक एवं सीईओ अलबिंदर ढींढसा ने एक पोस्ट में कहा कि इसे एक दिन में अबतक के सबसे अधिक ऑर्डर और प्रति मिनट ऑर्डर मिले।

ऑनलाइन आपूर्ति मंच स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, नववर्ष की पूर्व-संध्या ने स्विगी फूड एंड इंस्टामार्ट के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। टीम के साथ इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती!'' कपूर ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि स्विगी इंस्टामार्ट पर क्रिकेट विश्व कप फाइनल के दौरान मिले ऑर्डर को भी पीछे छोड़ दिया।

कपूर ने कहा, स्विगी इंस्टामार्ट पर ऑर्डर प्रति मिनट (ओपीएम) अब तक का सबसे अधिक है। यह विश्व कप फाइनल के दौरान हमारे पिछले उच्चतम स्तर से 1.6 गुना अधिक है। स्विगी पर इस दौरान बिरयानी के 4.8 लाख से अधिक ऑर्डर मिले और प्रति मिनट 1,244 पकवान के ऑर्डर दिए गए।

# ओडिशा : दो युवकों ने अयोध्या के लिए पैदल यात्रा शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेरहामपुर (ओडिशा)/भाषा।** राम मंदिर में पूजा करने के लिए ओडिशा के दो युवक पैदल ही उत्तर प्रदेश के अयोध्या की यात्रा पर निकल पड़े हैं। अयोध्या में 22 जनवरी को निर्माणाधीन राम मंदिर में भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। ओडिशा से पैदल निकले दोनों युवकों के 22 जनवरी तक अयोध्या पहुंचने की संभावना कम हैं, क्योंकि राज्य के गंजाम जिले के ब्रह्मपुर शहर से 1,400 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने में उन्हें




40 दिन से अधिक लग सकते हैं।

अपनी यात्रा शुरू करने से पहले रविवार को 22 वर्षीय दोनों दोस्त चंदपुर इलाके के निवासी कुरेश बेहेरा और कनिशी के निवासी सोनू बिसोई ने ब्रह्मपुर शहर के पास राम मंदिर में पूजा की। पीठ पर बैग और हाथों में झंडे लिए जब दोनों यात्रा के लिए रवाना हो रहे थे तब मंदिर में एकत्र हुए स्थानीय लोगों ने 'जय श्री राम' के नारे लगाए और उनका उत्साहवर्धन किया। अगले 10-15 किलोमीटर तक कुछ लोग भी उनके साथ रहे। बेहेरा ने कहा कि इस दौरान उन्हें एकजुटता के सुखद क्षण का अहसास हुआ। महिलाओं सहित कई लोगों ने उनकी यात्रा के पहले दिन 'जय श्री राम' के नारे के साथ उनका स्वागत किया। बेहरा ने कहा, अगले 40 दिनों में अयोध्या पहुंचने के लिए हमने हर दिन 30-35 किमी पैदल चलने का लक्ष्य रखा है। हम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे लेकिन हम बाद में वहां पहुंच कर प्रार्थना और पूजा करेंगे। बिसोई ने कहा, हम अयोध्या में मंदिर में विराजमान राम लला के दर्शन करना चाहते हैं। हमने यात्रा पर निकलने से पहले भगवान राम का आशीर्वाद लिया है।

# जीएसटी संग्रह दिसंबर में 10% बढ़कर 1.64 लाख करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली/भाषा।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक साल पहले की समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपए रहा था। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इसके साथ ही अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 12 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 14.97 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान अवधि में इन नौ महीनों में कर संग्रह 13.40 लाख करोड़ रुपए रहा था।

# कर्नाटक में 31 साल बाद राम मंदिर के आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार बाबरी मस्जिद विध्वंस से जुड़े पुराने मामलों को फिर से खोल रही है और 31 साल पहले राम मंदिर आंदोलन में हिस्सा लेने वाले भाजपा के दो कार्यकर्ताओं को हुब्बाली गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, हुब्बाली-धारवाड़ की पुलिस आयुक्त रेणुका के सुकुमार ने कहा कि पुलिस ने काफी समय से लंबित इन मामलों में आरोपियों का पता लगाया, जो एक नियमित पुलिस प्रक्रिया थी।

भाजपा के मुताबिक 60 वर्ष से अधिक उम्र के उसके दोनों कार्यकर्ताओं को रविवार को गिरफ्तार किया गया। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 31 साल पहले अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के दौरान हुए बवाल से जुड़े मामलों को दोबारा खोलकर कांग्रेस हिंदू कार्यकर्ताओं को आतंकित कर रही है। पूर्व मंत्री अशोक के मुताबिक गिरफ्तार लोगों पर उपद्रव के दौरान पथराव करने का आरोप लगाया गया है। आर अशोक ने कहा, '' कर्नाटक की कांग्रेस सरकार 31 साल पुराने मामले को दोबारा खोल रही है। हुब्बाली में राम मंदिर आंदोलन में भाग लेने वाले दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इससे यह आभास होता है कि राम मंदिर आंदोलन में भाग लेने के लिए उन पर ऐसे समय में हमला किया जा रहा है जब लोग अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ऐतिहासिक अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ''

भाजपा के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किए जाने की मीडिया में आई खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार राम भक्तों को जेल भेजकर 'आतंकित' कर रही है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद लोगों से अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का जश्न मनाने के लिए कहा है। भाजपा नेता ने कहा, ''यहां तक कि मैंने और पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येड्डीयुरप्पा ने भी हिस्सा लिया। क्या आपमें मुझे और येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने का साहस है? ''अशोक ने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर उसने प्रतिशोध की राजनीति अपनाई तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और भाजपा उग्र आंदोलन करेगी।

अशोक ने कहा, '' ये कांग्रेस के लिए शर्म की बात है। इससे पता चलता है कि आप टीपू संस्कृति को कर्नाटक में कैसे लाना चाहते हैं। मैं इसकी निंदा करता हूं। मैं मांग करता हूं कि उन्हें रिहा किया जाए और उनके मामले वापस लिए जाएं।





**शुभकामनाएं**

बेंगलूरु में सोमवार को राज्य सरकार के मुख्य सचिव रजनीश गोयल, उप मुख्य सचिव राकेश सिंह, शालिनी रजनीश, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी तुषार गिरिनाथ, मंजुला, राजेंद्र चोलन और अन्य ने विधानसौधा में उपमुख्यमंत्री कार्यालय में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से मुलाकात की और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# हम राम मंदिर निर्माण का करते हैं समर्थन : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। डैमेज कंट्रोल करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में है। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के बयानों का खंडन करते हुए कहा, हम अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण के लिए अपना पूरा समर्थन देते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने का निमंत्रण नहीं मिला है, निमंत्रण मिलने के बाद मैं समारोह में शामिल होने पर विचार करूंगा।



कर्नाटक के योजना एवं सांख्यिकी मंत्री डी. सुधाकर ने कहा था कि 'पिछले लोकसभा चुनाव में वोट पाने के लिए बीजेपी सरकार ने पुलवामा आतंकी हमले को प्रोजेक्ट किया था और इस बार भगवान राम को प्रोजेक्ट किया जा रहा है।' उन्होंने संवाददाताओं से कहा था, राम मंदिर का उद्घाटन एक स्टंट है। लोग मूर्ख नहीं हैं। हमें दो बार मूर्ख बनाया गया है। मुझे विश्वास है कि हम तीसरी बार मूर्ख नहीं बनेंगे।

सुधाकर ने कहा, लोकसभा चुनाव से पहले राम मंदिर का उद्घाटन किया जा रहा है। मैंने और कांग्रेस विधायक रघु मूर्ति ने राम मंदिर में योगदान दिया। हमने ईंटें भी दान की हैं। भगवान राम सभी के लिए हैं। मंदिर का उद्घाटन चुनाव के समय एक नौटंकी है। मंत्री ने आगे कहा कि बीजेपी वोट हासिल करने के लिए धार्मिक मान्यताओं का इस्तेमाल कर रही है उन्होंने सवाल किया, पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान राम मंदिर कहां था?

# हाईकमान के निर्णय पर कांग्रेसजन रामलला के समारोह में भाग लेंगे : जी. परमेश्वर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री डा जी परमेश्वर ने सोमवार को कहा कि अगर पार्टी आलाकमान अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने का निर्णय लेता है तो सभी कांग्रेसजन इसमें शामिल होंगे। परमेश्वर ने यहां पत्रकारों से कहा, यह निर्णय आलाकमान को करना है वे इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहते है , यह देश का एक समारोह है। उन्हें आमंत्रित करना चाहिए एवं सभी लोगों को इसमें भाग लेना चाहिए और अगर कांग्रेस आलाकमान वहां जाने का निर्णय लेता है तो हम सभी वहां जायेंगे।



परमेश्वर ने इंडिया गठबंधन के दवाब के कारण इस समारोह में भाग लेने में मुश्किल होने के सवाल पर कहा,मुझे नहीं पता कि दिल्ली में क्या हो रहा है मैं यहां बेंगलूरु में बैठा हूं।

मैं उनके निर्णय के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। अगर आलाकमान ने कहा हां , हम सब जायेंगे। अयोध्या में रामलला के समारोह का लाभ केवल एक ही पार्टी के लेने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है क्योंकि राम सभी के है , किसी एक विशेष राजनीतिक दल के नही है।

कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कल कहा था कि जो लोग आमंत्रण के बावजूद प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे, यह उनका दुर्भाग्य है। यह टिप्पणी तब आई जब कर्नाटक के मंत्री दशरथैया सुधाकर ने कहा कि भाजपा चुनाव से पहले इसका फायदा उठा रही है जैसे उसने 2019 के चुनाव से पहले पुलवामा में किया था। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि राम मंदिर अच्छी खबर है और वे मंदिर के पक्ष में हैं।

# इसरो ने एक्सपीओसैट मिशन के साथ की नए साल की शुरुआत

बेंगलूरु/श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने नए साल 2024 की शुरुआत एक नए मिशन के साथ की है। इसरो ने सोमवार की सुबह श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी-सी58, एक्सपीओसैट, एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट और दस अन्य पेलोड का परीक्षण किया।

इसके लिए रविवार सुबह 08.10 बजे 25 घंटे की सुचारू उलटी गिनती शुरू हुयी थी। इसरो के वर्कहॉर्स लॉन्च वाहन ने दर्शकों के जोरदार उत्साह के बीच आज 09.10 बजे पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरी। इसरो के अध्यक्ष एस.सोमनाथ समेत इस मिशन से जुड़े सभी वैज्ञानिक उड़ान की दिशा पर पैनी नजर रख रहे हैं। उड़ान भरने से लगभग 20 मिनट बाद अंतरिक्ष यान को कक्षा में स्थापित किया जाएगा, जिसके बाद प्रक्षेपण यान पीएस4 के चौथे चरण में इसकी कक्षा को 650 किलोमीटर से घटाकर लगभग 350 किमी तक कम करने के लिए इंजन को दो बार बंद किया जाएगा।

# विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने दी मूर्तिकार को बधाई, बताया गर्व का विषय

## मैसूरु के मूर्तिकार की मूर्ति स्थापित होगी अयोध्या में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने सोमवार को कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि मैसूरु के मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई रामलला की सुन्दर मूर्ति को अयोध्या में स्थापित किया जा रहा है। आगामी 22 जनवरी को मैसूरु के अरुण योगीराज द्वारा निर्मित रामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है जो बेहद खुशी की बात है।

भगवान राम और कर्नाटक का विशेष रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि हनुमान का जन्म कर्नाटक में हुआ था और श्री राम का कर्नाटक से अटूट रिश्ता है। यह कर्नाटक के लिए गर्व की बात है कि मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई रामलला की मूर्ति को सम्मान दिया जा रहा है। उन्होंने अरुण योगीराज को बधाई दी।

# 'मुझे राजनीतिक तौर पर खत्म करने की बड़ी साजिश चल रही है': डीके शिवकुमार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक रूप से खत्म करने के लिए एक बड़ी साजिश चल रही है। उनका यह बयान केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा उनके नेतृत्व वाले केरल स्थित जय हिंद कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड चैनल को नोटिस दिए जाने के बाद आया है।

केंद्रीय एजेंसी ने रविवार को कंपनी को एक नोटिस जारी कर कांग्रेस नेता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में (शिवकुमार द्वारा) चैनल में किए गए निवेश का विवरण मांगा।

एजेंसी की बेंगलूरु इकाई, जो शिवकुमार के खिलाफ मामले की जांच कर रही है, ने जय हिंद कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को जांच अधिकारी द्वारा मांगे गए सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 11 जनवरी, 2024 को उसके सामने पेश होने के लिए कहा था। ताजा घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अगर सीबीआई उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है तो उसे ऐसा करने दीजिए, क्योंकि वे इसके लिए तैयार हैं। शिवकुमार, जो कर्नाटक कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष भी हैं, ने आश्चर्य व्यक्त किया कि सीबीआई उनकी कंपनी के खिलाफ नोटिस कैसे जारी कर रही थी, जबकि उसके पास सभी दस्तावेज थे।

शिवकुमार ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वे कैसे नोटिस जारी कर रहे हैं। सारे दस्तावेज उनके पास हैं। ऐसा इसलिए नहीं है क्योंकि उनके पास कोई दस्तावेज़ नहीं है। मुझे परेशान करने वाले बड़े लोग हैं। मैं यह सब जानता हूं। ऐसा नहीं है कि मैं इससे अनजान हूं। वे मुझे राजनीतिक रूप से खत्म करने के लिए जो करना चाहते हैं, उन्हें करने दीजिए। उन्होंने कहा कि बहुत बड़ी साजिश चल रही है। कुछ भाजपा नेताओं ने पहले कहा था कि वे मुझे जेल भेज देंगे। उन्होंने संबंधित विभाग तक अपनी बात पहुंचा दी है। जिन लोगों ने मेरे बारे में बात की है, मैंने उनसे चर्चा के लिए आने को कहा है। बहुत बड़ी साजिश रची जा रही है। यह कहते हुए कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और उन्हें न्याय मिलेगा, शिवकुमार ने कहा कि सीबीआई को उनके खिलाफ कोई भी जांच करने दें।

# अभिभावकों द्वारा फोटोशूट से इंकार करने पर छात्रा ने की आत्महत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। माता-पिता द्वारा नए साल के जश्न पर फोटोशूट के लिए जाने की इजाजत नहीं देने पर एक युवती ने आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान 21 वर्षीय वर्षिनी के रूप में हुई, जो जयनगर के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में बीबीए की छात्रा थी। सुदामा नगर की रहने वाली वर्षिनी भी फोटोग्राफी कोर्स की पढ़ाई कर रही थी।

पुलिस के मुताबिक, वार्षिनी एक मॉल जाकर वहां फोटोशूट करना चाहती थी। जब वह जाने के लिए पूरी तरह तैयार हुई, तो उसके माता-पिता ने आपत्ति जताई और उसे बाहर जाने से रोक दिया। इससे नाराज वार्शिनी ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। विल्सन गार्डन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नववर्ष राज्य के लिए आशाजनक वर्ष होगा : मुख्यमंत्री सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को वरिष्ठ सरकारी सचिवों को नए साल की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वर्ष 2024 राज्य के लिए एक आशाजनक वर्ष होगा। वह आज अपने गृह कार्यालय कृष्णा में मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और सचिवों के साथ नव वर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करने के बाद बोल रहे थे।राज्य में सूखे की स्थिति के कारण राज्य में 48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में 35 हजार करोड़ रुपये की फसल का नुकसान हुआ है। यदि प्रकृति हमारा साथ नहीं देगी तो सरकार से मिलने वाली राहत पर्याप्त नहीं होगी। जलवायु परिवर्तन के कारण हमें इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2024 में मानसून के दौरान अच्छी बारिश की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वह भगवान से अच्छे मानसून के लिए प्रार्थना करेंगे।

हमारी गारंटी के कारण सूखे की गंभीरता कम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास को अपेक्षित लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए बारिश जरूरी है। प्रदेश के 60 प्रतिशत से अधिक लोग कृषि पर निर्भर हैं। हमारी गारंटी के कारण ही सूखे की गंभीरता कम हुई है। गरीब परिवारों में क्रय शक्ति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सूखा तो है, लेकिन इसकी तीव्रता कुछ हद तक कम हो गयी है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल बेसिक इनकम नीति के आधार पर लोगों की आय बढ़ी है और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। जनता ने हमें राज्य के विकास के लिए चुना है। सरकार ने नौकरशाहों को चुना है। उन्होंने कहा कि जनपक्षधर एवं सामाजिक दृष्टिकोण से ही संविधान के उद्देश्यों को पूरा किया जा सकता है तथा समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है। हमें जनता की अपेक्षा के अनुरूप काम करना है। हमें संविधान को समझने की दिशा में काम करना होगा। हमें जनता की अपेक्षा के अनुरूप काम करना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव के. गोविंदराजू, नजीर अहमद, मुख्य सचिव रजनीश गोयल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने विकास आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव डॉ. शालिनी रजनीश द्वारा लिखित पुस्तक 'सुस्थिरा बदुकिना सुत्ता आशाकिराना' का विमोचन किया।



**शुभकामनाएं**

बेंगलूरु में नववर्ष के मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उच्च शिक्षा मंत्री एमसी सुधाकर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव और एमएलसी गोविंदराजू ने राजभवन में राज्यपाल थावर चंद गहलोत से मुलाकात की और उन्हें नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दीं।




# केनरा बैंक के अत्याधुनिक डेटा और एनालिटिक्स केंद्र का उद्घाटन हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। केनरा बैंक ने सोमवार को बेंगलूरु में अपने नए डेटा और एनालिटिक्स केंद्र (डीएनए) का उद्घाटन किया। यह नवाचार और सहयोग के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के सत्यनारायण राजू ने सभी कार्यकारी निदेशकों के साथ इस सुविधा का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि जब ग्राहक अनुभव और संचालन में सुधार के लिए एनालिटिक्स का लाभ उठाने की बात आती है तो हम सबसे आगे रहे हैं। इस सुविधा की स्थापना करके हम अपनी स्थिति मजबूत कर रहे हैं और डेटा-संचालित बैंकिंग के भविष्य को अपना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एआई हमारे जीवन को अभूतपूर्व तरीके से नया आकार दे रही है और हम डेटा गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए इसे अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दुनिया एआई के नैतिक उपयोग से रोमांचित है और हम वहीं हैं।

बताया गया कि यह समारोह बैंक की परिवर्तन यात्रा में एक और उपलब्धि साबित हुआ, क्योंकि बैंक ने डेटा लेकहाउस कार्यान्वयन और क्लाउड में उन्नत एनालिटिक्स प्लेटफ़ॉर्म और डेटा लेक की स्थापना के लिए साझेदारी में प्रवेश किया है। इसके बाद एआई/एमएल का उपयोग करके ग्राहक अनुभव, व्यवसाय निर्माण और कर्मचारी कौशल उन्नयन के क्षेत्रों में कई विश्लेषणात्मक पहल भी शुरू की गईं।

बैंक ने अपने डेकोथॉन (डेटा एनालिटिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हैकथॉन) का ग्रैंड फिनाले भी आयोजित किया, जिसमें देशभर के फाइनलिस्टों ने ग्राहक अनुभव, धोखाधड़ी की रोकथाम और डिफ़ॉल्ट भविष्यवाणी के विषयों पर प्रतिस्पर्धा की। टीमों ने अपने प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए, जिनका मूल्यांकन तकनीकी जूरी द्वारा किया गया और विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

बीस अक्टूबर से 5 नवंबर तक चले केनरा बैंक हैकथॉन कार्यक्रम में 2,899 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। उनमें से 256 इनोवेटिव आइडियाज़ को अगले चरण में आगे बढ़ाने के लिए चुना गया।

तेरह नवंबर से 30 नवंबर तक, 24 प्रोटोटाइप समाधान मिले, जिन्होंने आगामी प्रस्तुतियों का रास्ता तैयार किया। पांच दिसंबर को 11 प्रोटोटाइप ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया, जिससे अंतिम प्रदर्शन के लिए 5 फाइनलिस्ट का चयन हुआ। आखिरकार एक जनवरी को इन शीर्ष 5 दावेदारों ने हैकथॉन समापन समारोह में प्रस्तुतियां दीं।

# गगनयान की तैयारियों का वर्ष होगा 2024 : इसरो अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

श्रीहरिकोटा। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने सोमवार को यहां कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने अपने महत्वाकांक्षी मानव अभियान गगनयान' के लिए इस वर्ष परीक्षणों की एक श्रृंखला तैयार की है और 2024 गगनयान की तैयारियों का वर्ष होगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज पीएसएलवी सी58 अभियान के तहत अपने पहले 'एक्स-रे पोलरिमीटर' उपग्रह (एक्सपोसैट) को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर दिया। वर्ष 2024 के लिए इसरो की मिशन सूची पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, हम इस साल कम से कम 12-14 अभियानों के लिए तैयार होने जा रहे हैं। 2024 गगनयान की तैयारियों का वर्ष होने जा रहा है, हालांकि यह 2025 के लिए लक्षित है।

उन्होंने कहा, 'गगनयान अभियान टीवी-डी1 या 'एबॉर्ट' अभियान (अक्टूबर 2023 में सफलतापूर्वक होने) के साथ शुरू हुआ। हमारे पास श्रृंखला में चार ऐसे अभियान हैं। हमारा लक्ष्य 2024 में कम से कम दो और अभियानों को अंजाम देने का है। तब तक, हमारे पास तीन 'एबॉर्ट' अभियान प्रदर्शन होंगे।

सोमनाथ ने कहा कि मानवरहित अभियान से एजेंसी को विभिन्न उपकरणों की तैयारियों को समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसरो मानवरहित अभियान के लिए पैराशूट प्रणाली को साबित करने के वास्ते हेलीकॉप्टर-आधारित ड्रॉप' परीक्षण भी करेगा। उन्होंने कहा, कई 'ड्रॉप' परीक्षण होंगे। इसके अलावा, हमारे पास पर्यावरण नियंत्रण समर्थन प्रणाली परीक्षण, क्रू मॉड्यूल संबंधित परीक्षण और सिमुलेशन परीक्षण सहित सैकड़ों ऐसे मूल्यांकन परीक्षण होंगे। इसरो के इस साल निर्धारित अन्य अभियानों पर उन्होंने कहा, हम इसी साल निसार के लिए जीएसएलवी का प्रक्षेपण करने जा रहे हैं। हम जल्द ही इनसैट-3डीएस के साथ जीएसएलवी की पहली उड़ान भरने जा रहे हैं। (प्रक्षेपण) यान तैयार है।

उन्होंने कहा, जीएसएलवी की दूसरी उड़ान नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार उपग्रह को ले जाएगी। इसका मतलब है कि कम से कम दो जीएसएलवी उपग्रहों को प्रक्षेपित करने की आवश्यकता है।





# नववर्ष पर रैनबसेरों में पहुंचे मुख्यमंत्री, जाना लोगों का हाल, लिया व्यवस्थाओं का जायजा, निराश्रितों को बांटे कम्बल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नववर्ष के अवसर पर रामनिवास बाग एवं जेके लोन अस्पताल के पास स्थित रैनबसेरों में रह रहे लोगों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। साथ ही, उन्होंने सड़कों पर रह रहे निराश्रित लोगों को कंबल वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रैनबसेरों में व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया एवं प्रबंधको व कार्मिकों को रैनबसेरों को स्वच्छ और साफ रखने सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश दिए।

शर्मा ने रैनबसेरों में रह रही महिलाओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने महिलाओं के रैनबसेरों में कपड़े की अस्थाई दीवार लगाने की जगह प्लाई की दीवार बनाने तथा लकड़ी का दरवाज़ा लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी रैनबसेरों के पास मोबाईल शौचालय खड़े करने के आदेश दिए ताकि वहां रह रहे लोगों को नित्यक्रियाओं के लिए दूर ना जाना पड़े। उन्होंने रैनबसेरों के आसपास बने गड्ढों को तुरंत भरने के आदेश दिए ताकि किसी को चोट ना लगे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी निराश्रित व्यक्ति इस ठंड के मौसम में खुले में ना सोए। इसके लिए रैनबसेरों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। एंट्री रजिस्टर अच्छे से मेंटेन किया जाना चाहिए।

उन्होने व्यवस्था देख रहे कार्मिकों से कहा कि रैनबसेरों में रह रहे जरूरतमंद लोगों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। इसे सेवाभाव के साथ किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न ज़िलों एवं राज्यों से आकर रैनबसेरों में रह रहे लोगों की समस्याएं सुनी एवं उन्हें राज्य सरकार द्वारा सभी प्रकार का सहयोग देने हेतु आश्वस्त किया।

# राजस्थान के नए मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कार्यभार संभाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी सुधांश पंत ने सोमवार को राजस्थान के मुख्य सचिव पद का कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर पंत ने कहा कि प्रशासन पूरी निष्ठा, लगन व मेहनत से काम करेगा। राजस्थान सरकार ने उषा शर्मा के रविवार को सेवानिवृत्त होने के बाद पंत को मुख्य सचिव नियुक्त किया।

पदभार ग्रहण करने सचिवालय पहुंचे पंत ने मीडिया से कहा, 'प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जिन्होंने विश्वास कर इस पद का दायित्व सौंपा है। प्रदेश व देश हित में निर्णय किए जाएंगे और प्रशासन द्वारा पूरी निष्ठा, लगन व मेहनत से काम किया जाएगा जिससे राज्य के नागरिकों को राहत मिल सके।'

उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की विकसित भारत बनाने की भावना के अनुरूप प्रशासनिक कार्रवाई होगी। राजस्थान भी विकसित भारत का मजबूत स्तंभ होगा।' पंत ने कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। केंद्र व राज्य के बीच समन्वय संबंधी एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'केंद्र से निश्चित रूप से बहुत अच्छा समन्वय रहेगा। केंद्र से पूरा सहयोग हमें मिलता रहेगा।'

पंत मुख्य सचिव के साथ साथ राजस्थान राज्य खान एवं खनिज निगम लिमिटेड राजस्थान, उदयपुर के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार भी देखेंगे। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1991 बैच के अधिकारी पंत दिसंबर 2022 से केंद्र की प्रतिनियुक्ति पर थे। वह दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के सचिव थे। केंद्र ने रविवार को उन्हें कार्यभार से मुक्त कर दिया।

उनके पास इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार में इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री है। राजस्थान में अपने करियर के दौरान विभिन्न विभागों के सचिव के रूप में कार्यभार संभालने के अलावा पंत ने जैसलमेर, झुंझुनू, भीलवाड़ा और जयपुर में जिला कलेक्टर के रूप में कार्य किया है।



# कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने ग्रहण किया पदभार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य सरकार में नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को शासन सचिवालय के मंत्रालय भवन स्थित अपने कक्ष में पूजा-अर्चना के साथ पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप समाज के हर वर्ग के सर्वांगींण विकास के लिए पूर्ण कटिबद्ध होकर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। इस दौरान उनके परिजन भी उपस्थित रहे। सभी ने गहलोत को पदभार ग्रहण की बधाई दी।

## राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी

जयपुर। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है जहां बीते चौबीस घंटे में फलोदी और सीकर क्रमश: 5.6 और 6.0 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडे रहे।

मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान न्यूनतम तापमान जैसलमेर में 6.2 डिग्री, बीकानेर में 6.4 डिग्री, जयपुर में 7.6 डिग्री, सिरोही और संगरिया में 7.7 डिग्री, अलवर और गंगानगर में 8.2 डिग्री, पिलानी में 8.5 डिग्री, फतेहपुर में 8.7 डिग्री, करौली और अजमेर में 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## भेंट



रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान आईएएस ऑफिसर एसोसिएशन की ओर से आईएएस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान आईएएस एसोसीएशन के चैयरमेन कुंजीलाल मीना, जेनरल सेक्रेटेरी समित शर्मा और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अभय कुमार सिंह, हेमंत गैरा उपस्थित रहे ।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान के साधक एक माह करेंगे विशेष योग-साधना, 140 देशों में मनाया जाएगा तपस्या माह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिरोही। ब्रह्माकुमारी के 140 से अधिक देशों में स्थित सेवाकेंद्रों पर नववर्ष के साथ ही योग-साधना का दौर शुरू हो गया है। संस्थान के 8 हजार से अधिक सेवाकेंद्रों पर 20 लाख से ज्यादा साधक पूरे जनवरी माह अपनी आध्यात्मिक उन्नति के लिए सवेरे तीन बजे से ध्यान-साधना करेंगे। वहीं, मुख्यालय शांतिवन में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर डायमंड हॉल के विशाल सभागार में केक काट कर सेलिब्रेट किया गया। नव वर्ष पर परमात्म मिलन समारोह में दिल्ली और आगरा से 20 हजार से अधिक लोग पहुंचे, जिन्होंने ब्रह्ममुहूर्त में राजयोग मेडिटेशन के साथ पहले दिन की शुरुआत की। साथ ही संकल्प लिया कि इस वर्ष अपनी योग-तपस्या को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए ब्रह्मा बाबा द्वारा बताए गए नियम, मर्यादाओं एवं शिक्षाओं का पालन करने एवं उन पर चलने का संकल्प लेने को प्रेरित किया। संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी दीदी ने कहा कि हर साल नया वर्ष नई उम्मीदें, नया उमंग-उत्साह लेकर आता है। हम सभी भाग्यशाली हैं कि परमात्मा के घर में नया वर्ष मना रहे हैं। यहां से सभी अपने जीवन को श्रेष्ठ और महान बनाने के लिए शुभ संकल्प लेकर जाएं। परमात्मा की शक्ति, मदद से वह जरूर पूरा होगा।महासचिव राजयोगी बीके निर्वैरभाई ने कहा कि नए साल पर नकारात्मक संकल्पों, व्यर्थ के बोझ से खुद को फ्री रखकर खुशहाल जीवन जीने को प्रेरित किया। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान में हर वर्ष जनवरी को तपस्या माह के रूप में मनाया जाता है। संस्थान के सभी सेवाकेंद्रों पर 1 जनवरी से 31 जनवरी तक विशेष योग-तपस्या के आयोजन किए जाते हैं। 18 जनवरी 1969 को संस्थापक ब्रह्मा बाबा ने योग-साधना से संपूर्णता की स्थिति को प्राप्त कर अव्यक्त हुए थे। तब से लेकर संस्थान के सभी सेवाकेंद्रों पर हर वर्ष जनवरी माह में बाबा की शिक्षाओं को याद करते हुए उन्होंने जो अपनी तपस्वी जीवन से आदर्श स्थापित किए हैं उन पर चलने का सभी साधक प्रयास करते हैं।

इस मौके पर संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके संतोष दीदी, राजयोगिनी बीके शशि दीदी, अतिरिक्त महासचिव राजयोगी बीके बृजमोहन भाई, मीडिया निदेशक बीके करुणा भाई, कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय भाई, ओआरसी की निदेशिका बीके आशा दीदी सहित दिल्ली और आगरा जोन से आए 20 हजार से अधिक लोग मौजूद रहे।

## जनसंपर्क



श्रीकरणपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार सुरेंद्रपाल सिंह टीटी ने पदमपुर के गांव 23बीबी, बैंरा में जनसंपर्क किया। इस दौरान स्थानीय जनता ने उन्हें लड्डुओं से भी तोला।

# करणपुर विधानसभा चुनाव : मतदान दल रवानगी, संग्रहण और मतगणना स्थलों का अधिग्रहण

श्रीगंगानगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार करणपुर विधानसभा स्थगित चुनाव-2023 को लेकर 5 जनवरी 2024 को मतदान एवं 8 जनवरी को मतगणना को लेकर महाविद्यालय एवं विद्यालय का अधिग्रहण किया गया है। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप ने आदेश जारी कर डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मल्टीपर्पज का अधिग्रहण किया है। 5 जनवरी को मतदान के दृष्टिगत मतदान दलों की रवानगी 4 जनवरी को डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय से की जायेगी, मतदान व मतगणना संबंधी कार्य को लेकर 3 जनवरी से 8 जनवरी को सायंकाल तक के लिये अधिग्रहण किया गया है। इसी प्रकार इसी महाविद्यालय में रूम नम्बर ए-18 व ए-19 का 8 जनवरी से 22 फरवरी 2024 या निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार समय के लिये अधिग्रहण किया गया है। कानून व्यवस्था के दृष्टिगत मतगणना के समय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मल्टीपर्पज का 7 जनवरी से 8 जनवरी मतगणना समाप्ति तक पूर्ण विद्यालय परिसर मय खेल मैदान अधिग्रहण किया गया है।



## रिपोर्ट सौंपी

राज्यपाल कलराज मिश्र से लोकायुक्त न्यायमूर्ति प्रताप कृष्ण लोहरा और राज्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने मुलाकात की। लोहरा और गुप्ता ने इस दौरान राज्यपाल मिश्र को नव वर्ष की शुभकामना दी। न्यायमूर्ति लोहरा ने इस दौरान राज्यपाल को 'लोकायुक्त वार्षिक रिपोर्ट 2023' भेंट की।

# आबूरोड में हिंदू जागरण मंच ने निकाली अक्षत यात्रा, अयोध्या से आए चावल का निमंत्रण देकर कार्यक्रम शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



सिरोही। सिरोही जिले के आबूरोड में हिंदू जागरण मंच कार्यकर्ताओं ने अक्षत यात्रा निकाली। सिरोही में अयोध्या से आए पूजित पीले चावल का पहला निमंत्रण गणपति जी को देकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आबूरोड में अक्षत यात्रा मानपुर चमत्कारी हनुमान मंदिर से रवाना होकर बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए मारुति कॉम्पलेक्स पंहुची। वहां से अक्षत एवं कलश प्राप्त कर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए डीजे की धुन पर नारेबाजी करते हुए पुन: मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जिला सह संयोजक गोविंद मालवीय के अनुसार, इस दौरान लोगों को पीले चावल वितरित किए गए। अक्षत यात्रा में पंकज माली, गोपी कीर, रविंद्र रावल, नरेंद्र मिश्रा, राजन वशिष्ठ, राहुल प्रजापत, विवेक मालवीय, पोपटलाल मेघवाल, अर्जुन लोहार, सविता सूर्यवंशी, मोनिका सूर्यवंशी, अर्चना मिश्रा, चंद्रकांता सुनारिया, राजकुमारी सोनी एवं भगवती शर्मा मौजूद रहे।

अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजन समिति द्वारा पहला निमंत्रण भगवान गणपति को पीले चावल देकर निर्विघ्न कार्यक्रम के लिए प्रार्थना की गई।

नगर संयोजक कपिल त्रिवेदी ने बताया कि सिरोही नगर में 61 मंदिरों में भव्य आयोजन किया जा रहा है। अधिकांश मंदिर के पुजारी एवं राम भक्तों की बैठक संपन्न हो चुकी है।

## वितरण



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भव्य राम मंदिर शुभारंभ में अपनी सहभागिता निभाने के लिए आज प्रदेश कार्यालय में रामचरितमानस वितरित करते हुए।

# साहू ने नववर्ष की पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को दी शुभकामनाएं

जयपुर। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। साहू ने सोमवार को सुबह पुलिस मुख्यालय में नववर्ष पर आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में यह बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित सलामी गारद का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।

इस मौके उन्होंने कहा कि नए साल का अवसर नए जोश, नई उमंग और नए उत्साह का अवसर होने के साथ ही सकारात्मकता के साथ नए संकल्प लेने का भी है। उन्होंने पूर्ण निष्ठा, लगन और तत्परता से अपने उत्तरदायित्वों को निभाकर राजस्थान को अपराधमुक्त, सुरक्षित और शांतिपूर्ण प्रदेश बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया।





# पटनायक ने 6225 करोड़ रु. की भुवनेश्वर मेट्रो परियोजना का शिलान्यास किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को 6225 करोड़ रुपए की भुवनेश्वर मेट्रे रेल परियोजना का शिलान्यास किया।

त्रिसुलिया के समीप रतगड़ा लेंका साही में शिलान्यास से पहले पटनायक ने प्रस्तावित मेट्रो परियोजना के 26 किलोमीटर लंबे मार्ग पर रोडशो किया। रोडशो के दौरान सड़क के दोनों ओर लोग खड़े दिखे और विभिन्न समूहों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करने के लिए पारंपरिक लोक नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी।

इस मौके पर एकत्रित लोगों से पटनायक ने पूछा, क्या आप खुश हैं?'' उन्होंने कहा, आज (एक जनवरी 2024) का दिन ओडिशा के विकास के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। जैसा हमने वादा किया था, हम मेट्रो रेल परियोजना की आधारशिला रख रहे हैं।

इसे ओडिशा के इतिहास में किसी भी बुनियादी ढांचा परियोजना में राज्य सरकार का सबसे बड़ा निवेश करार देते हुए पटनायक ने कहा कि यह 5टी (परिवर्तनकारी) पहल के तहत ओडिशा की प्रमुख परियोजना है। पटनायक ने कहा कि इस परियोजना में भुवनेश्वर हवाई अड्डे से त्रिसुलिया के बीच 26 किलोमीटर तक के मार्ग पर 20 स्टेशन होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने खुर्दा, पुरी और कटक तक मेट्रो रेल के विस्तार के लिए 'मास्टर प्लान' तैयार करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को चार साल में पूरा कर लिया जाएगा और इससे भुवनेश्वर हवाई अड्डे से त्रिसुलिया के रास्ते कटक तक आसान परिवहन सुविधा मिलेगी तथा राज्य में शहरी गतिशीलता को मजबूत मिलेगी। डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) के अनुसार, परियोजना पहले चरण में यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (बीपीआईए) को त्रिसुलिया स्क्वायर से जोड़ेगी। यह परियोजना राज्य सरकार द्वारा 6,255 करोड़ रुपए के व्यय से पूरी की जाएगी।

भुवनेश्वर मेट्रो परियोजना में आने वाले 20 स्टेशन हैं बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (बीपीआईए), कैपिटल हॉस्पिटल, शिशु भवन, बापूजी नगर, भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन, राम मंदिर स्क्वायर, वाणी विहार, आचार्य विहार स्क्वायर, जयदेव विहार चौराहा, जेवियर स्क्वायर, रेल सदन, जिला केंद्र, दमन चौराहा, पाटिया चौराहा, केआईआईटी चौराहा, नंदन विहार, रघुनाथपुर, नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क, फुलापोखरी और त्रिसुलिया स्क्वायर।

# राम मन्दिर आंदोलन को धार देने का महत्वपूर्ण कार्य किया था साध्वी ऋतंभरा ने: राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मथुरा/वार्ता।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि राम मन्दिर आंदोलन को धार देने का महत्वपूर्ण कार्य साध्वी ऋतंभरा ने किया। उन्हे उनके गुरू युगपुरुष परमानन्द महाराज ने सामाजिक समरसता बनाने का जो काम अब सौंपा है उसमें भी वह खरी उतरेंगी।

वात्सल्य ग्राम वृन्दावन में साध्वी ऋतंभरा के जीवन के 60 वर्ष पूरे होने पर आयोजित षष्ठी पूर्ति महोत्सव में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के व्यस्ततम जीवन में एक ऐसी पीठ का संचालन करना जो समाज के उत्थान के लिए कार्य करती हो यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है। यह इसलिए महत्वपूर्ण है कि दीदी मां ने समाज को अपना परिवार ही नही मान लिया बल्कि उन्होंने पीठ के माध्यम से इस भाव को इस प्रकार उतारा है जो राष्ट्र के प्रति इनकी निष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश के ऋषियों और महर्षियों ने भारत की सीमाओं पर रहनेवाले लोगों को न केवल अपना परिवार माना है बल्कि उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम की बात कह कर अपने और पराए के भेद को समाप्त किया। दुनिया के किसी देश ने ऐसा संदेश नही दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का वातावरण बदला है उन्होने उपस्थित समुदाय की ओर इंगित करते हुए कहा कि इसे वे महसूस करते होंगे।यह बदलाव इसलिए आया है कि एक संत के हाथ में प्रदेश की बागडोर है। उन्होंने इस बदलाव के लिए योगी को साधुवाद देते हुए कहा कि योगी जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश की



शासन व्यवस्था चला रहे हैं उससे जनता के मन में सुरक्षा के साथ समृद्धि और गौरव का भाव पैदा हुआ है। उनका कहना था कि इसके साथ ही संतों के मन में यह भाव आया है कि जब तक किसी संत के हाथ में शासन व्यवस्था रहेगी तब तक प्रदेश के चतुर्दिक विकास को कोई रोक नही सकता है। वैसे भी जिस धरती पर कान्हा निवास करते हों वहां का विकास कोई रोक ही नही सकता। केन्द्रीय मंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण का श्रद्धा से नाम लेते हुए कहा कि जिसके नाम में आकर्षण हो तथा जहां पर राधा भाव इतना प्रधान हो कि एक रिक्शा चालक भी मार्ग खाली करने के लिए राधे राधे कहता हो, उस भूमि में आकर उनका भी रोम रोम पुलकित हो जाता है। यह इस भूमि का ही असर है कि विदेशी यहां जब दर्शन को आते हैं तो यहां की भक्ति और शांति को देखकर उसमें रम जाते है और फिर वे यहीं के हो जाते हैं।

उनका कहना था कि राधा कृष्ण की धरती पर भक्ति के साथ शांति मिली हुई है।यहां के वातावरण में राधा और कृष्ण कण कण में बसे हुए हैं। उन्होने अटल बिहारी वाजपेयी की कविता हिन्दू तनमन को बोलते हुए कहा कि इस विषय को चरितार्थ करने में देश के साधु संतों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। पहले यातायात के साधन नही थे किंतु दुर्गम मार्गों पर चलकर संत विदेश की यात्रा कर चरित्र निर्माण की शिक्षा देते थे। भारत का यह संदेश तथा वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देने के लिए उन्होंने कई देशों का भ्रमण किया।

# इसरो के पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह के सफल प्रक्षेपण की खरगे ने सराहना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



इसरो ने अपने पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया जो ब्लैक होल जैसी खगोलीय वस्तुओं के रहस्य को सुलझाने में करेगा मदद

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सोमवार को इसरो के पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह के सफल प्रक्षेपण की सराहना की और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उम्मीद जतायी कि इस तरह के सफल मिशन लोगों में अपेक्षित वैज्ञानिक सोच पैदा करेंगे। इसरो ने सोमवार को अपने पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया, जो ब्लैक होल जैसी खगोलीय वस्तुओं के रहस्य को सुलझाने में मदद करेगा।

एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट (एक्सप्रोसैट) का उद्देश्य अंतरिक्ष में तीव्र एक्स-रे स्रोतों के ध्रुवीकरण की जांच करना है। इसरो के अनुसार, यह आकाशीय स्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन के अंतरिक्ष-आधारित ध्रुवीकरण माप में अनुसंधान करने वाला अंतरिक्ष एजेंसी का पहला समर्पित वैज्ञानिक उपग्रह है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर एक पोस्ट में कहा, हम 2024 के पहले सफल अंतरिक्ष अभियान के लिए हमारे सभी वैज्ञानिकों को बधाई देते हैं। पहला एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट ब्लैक होल जैसी विभिन्न खगोलीय वस्तुओं के बारे में महती जानकारी प्रदान करेगा। पार्टी ने यह भी कहा, इस अभियान में काम करने वाली महिला वैज्ञानिकों की भी देश सराहना करता है।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर एक पोस्ट में कहा, हम नए साल में प्रवेश कर रहे हैं, और इसरो के पीएसएलवी सी 58/एक्सपोसैट मिशन के सफल प्रक्षेपण को देखकर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, यह विषम परिस्थितियों में चमकीले खगोलीय एक्स-रे स्रोतों की विभिन्न गतिशीलता का अध्ययन करने वाला, भारत का पहला समर्पित पोलरिमेट्री अभियान है। हमारे सभी वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष इंजीनियरों, शोधकर्ताओं और ग्राउंड स्टाफ को उनकी दक्षता और अटूट प्रतिबद्धता के लिए बहुत-बहुत बधाई। खरगे ने कहा, हमें यह जानकर गर्व है कि कई महिला इंजीनियर इस शानदार टीम का हिस्सा थीं। आशा है कि ये सफल अभियान लोगों में जरूरी वैज्ञानिक सोच पैदा करेंगे, जैसा कि हमारे संस्थापकों ने परिकल्पना की थी।

# पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी की 31 करोड़ की बेनामी संपत्ति जब्त

**मेरठ (उप्र)/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी के खिलाफ जिला प्रशासन ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी करीब 31 करोड़ रुपए की बेनामी सम्पत्ति गैंगस्टर कानून के तहत जब्त कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि जिलाधिकारी अदालत द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के तहत पूर्व मंत्री कुरैशी की 31 करोड़ 77 हजार 200 रुपए की अनुमानित कीमत की बेनामी सम्पत्ति जब्त कर ली गई है। उन्होंने बताया कि कुरैशी ने यह सम्पत्ति अपने परिजन और कर्मचारियों के नाम से खरीदी थी। उन्होंने बताया कि जब्त की गई सम्पत्तियों में नौचंदी के भवानी नगर स्थित एक अस्पताल का भवन, शास्त्री नगर में कुरैशी द्वारा अपने रिश्तेदारों के नाम से खरीदे गए 3265.35 वर्ग मीटर, 288 वर्ग मीटर और 213.60 वर्ग मीटर के भूखण्ड और दो लग्जरी गाड़ियां शामिल हैं। सजवाण ने बताया कि पुलिस ने 31 मार्च 2022 को कुरैशी की मेरठ स्थित एक मांस फैक्ट्री में छापा मारकर अवैध तरीके से लाए गए मांस की पैकिंग होने का मामला पकड़ा था। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री के 10 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था।

# प्रयागराज: हत्या का प्रयास करने के मामले में शुआट्स के कुलपति गिरफ्तार

**प्रयागराज/भाषा।** सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रिकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) के कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल को हत्या के प्रयास मामले में गिरफ्तारी के बाद जेल भेज दिया गया है। यमुनानगर में नैनी थाना के प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि शुआट्स के कुलपति आरबी लाल को हत्या के प्रयास के मामले में रविवार शाम विश्वविद्यालय परिसर से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया था जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को ही दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने आरबी लाल के खिलाफ नैनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पूर्व भाजपा नेता दिवाकर नाथ त्रिपाठी का आरोप है कि रविवार सुबह अपने मित्र शरवेन्द्र विक्रम सिंह के साथ टहलने अरैल बांध पर पहुंचे थे। त्रिपाठी ने कहा कि टहलकर वापस जाते समय एक फॉर्च्यूनर कार ने उनकी इन्नोवा कार को ओवरटेक कर उन्हें रोकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि फार्च्यूनर कार में राजेंद्र बिहारी लाल और उनके दो सहयोगी बैठे थे। त्रिपाठी का आरोप है कि कार नहीं रोकने पर आरबी लाल के लोगों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से गोली चला दी जो शीशे को चीरते हुए ऊपर से निकल गई। त्रिपाठी ने आरबी लाल के खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज कराए हैं।

# बीते साल पंजाब सीमा से 100 से अधिक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद हुए : बीएसएफ

**नई दिल्ली/भाषा।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने 2023 में पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर 107 ड्रोन मार गिराए या बरामद किए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ भारत के पश्चिमी क्षेत्र में जम्मू, पंजाब, राजस्थान और गुजरात से लगती 2,289 किलोमीटर से अधिक लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करती है। पंजाब क्षेत्र की पाकिस्तान के साथ 553 किलोमीटर की सीमा लगती है। आधिकारिक आंकड़ों के हवाले से वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर बरामद किए गए लगभग सभी ड्रोन चीन में निर्मित थे और ज्यादातर ड्रोन सीमा पर स्थित खेतों से बरामद किए गए। इस अवधि के दौरान करीब 10 ड्रोन या मानवरहित हवाई यान (यूएवी) राजस्थान सीमा से बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल ने 2023 में कुल 442.39 किलोग्राम हेरोइन भी बरामद की जिन्हें मुख्यत: इन ड्रोन से गिराया गया था। बीएसएफ जवानों ने तीन पाकिस्तानी घुसपैठिए मार गिराए जबकि दो तस्करों समेत 23 पाकिस्तानी नागरिक पकड़े। बांग्लादेश के 14 नागरिकों और 95 भारतीय संदिग्धों को भी पकड़ा गया जिनमें 35 तस्कर भी शामिल थे।

# गुरूग्राम: ट्रेन में अंदर नहीं जाने देने पर यात्रियों ने किया हंगामा, पटरियों पर बैठे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुरूग्राम/भाषा।** राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर जा रहे यात्री ट्रेन में भीड़ होने के कारण रेलवे ट्रैक पर बैठ गए क्योंकि ट्रेन में अंदर बैठे यात्रियों ने उन्हें अंदर नहीं चढ़ने दिया। पुलिस ने सोमवार को जानकारी दी।

गुस्साए यात्रियों ने ट्रेन को करीब 30 मिनट तक रोके रखा। अंत में यात्री रेलवे स्टेशन प्रशासन और रेलवे पुलिस से बातचीत के बाद ही ट्रैक खाली करने को राजी हुए। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार रात करीब 8.10 बजे उस वक्त की है जब दिल्ली सराय रोहिल्ला से उदयपुर सिटी, जाने वाली चेतक एक्सप्रेस गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1 पर पहुंची। ट्रेन में पहले से ही भारी भीड़ थी।



ऐसे में ट्रेन में अंदर बैठे यात्रियों ने बाहर खड़े यात्रियों की कोई मदद नहीं की और ट्रेन के दरवाजे खोलने से इनकार कर दिया।

गुरुग्राम के एसएचओ, इंस्पेक्टर श्योताज सिंह (राजकीय रेलवे पुलिस स्टेशन) ने बताया यात्रियों ने हंगामा किया और ट्रेन को रोका। उन्हें समझाबुझा कर शांत कराने के बाद ट्रेन रात करीब 8.40 बजे रवाना हुई।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सरफराज अहमद ने दिया इस्तीफ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** झारखंड में सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सरफराज अहमद ने राज्य विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है।

सोमवार को जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। राज्य की गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो विधायक डॉक्टर सरफराज अहमद के इस्तीफा देने का कारण अभी स्पष्ट नही है।

विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है जनता को सूचित किया जा रहा है कि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष ने गांडेय से विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

यह निर्वाचन क्षेत्र 31 दिसंबर, 2023 से रिक्त है। झारखंड में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

# कांग्रेस ने मनरेगा भुगतान में आधार आधारित प्रणाली को लेकर सरकार की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) भुगतान के लिए आधार-आधारित प्रणाली कथित तौर पर अनिवार्य होने के बीच कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार को सबसे कमजोर भारतीयों को उनके सामाजिक कल्याण लाभों से वंचित करने के लिए प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से आधार को हथियार बनाना बंद करना चाहिए।

विपक्षी दल ने इसकी निंदा भी की और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ''मनरेगा के लिए सर्वविदित तिरस्कार ऐसे प्रयोगों में तब्दील हो गया है जिसमें लोगों को बाहर करने के लिए प्रौद्योगिकी को एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि मनरेगा के भुगतान को आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) के माध्यम से 'मैनडेट' करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) द्वारा निर्धारित समय सीमा का पांचवां विस्तार 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त हो गया।

रमेश ने कहा, कुल 25.69 करोड़ मनरेगा श्रमिक हैं, जिनमें से 14.33 करोड़ को सक्रिय श्रमिक माना जाता है। 27 दिसंबर तक की स्थिति के अनुसार, कुल पंजीकृत श्रमिकों (8.9 करोड़) में से 34.8 प्रतिशत और सक्रिय श्रमिक (1.8 करोड़) में से 12.7 प्रतिशत अभी भी एबीपीएस के लिए अयोग्य हैं।

# तृणमूल कांग्रेस के 26 साल पूरे, बुजुर्ग बनाम नई पीढ़ी पर छिड़ी बहस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस का गठन हुए सोमवार को 26 साल पूरे होने के बीच इस बात को लेकर बहस छिड़ी हुई है कि क्या पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को युवा पीढ़ी के नेताओं के लिए रास्ता बनाना चाहिए? मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अनुभवी नेताओं का समर्थन कर रही हैं जबकि उनके भतीजे अभिषेक बुजुर्ग नेताओं की सेवानिवृत्ति की वकालत कर रहे हैं।

बुजुर्ग नेताओं बनाम नई पीढ़ी के नेताओं के बीच छिड़ी इस बहस के बीच मुख्यमंत्री बनर्जी ने पिछले महीने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का सम्मान किए जाने का आह्वान किया था जिसके बाद इस तरह के दावे खारिज हो गए थे कि बुजुर्ग नेताओं को राजनीति से सेवानिवृत्त किया जाना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बढ़ती उम्र के साथ कार्य कुशलता में गिरावट का हवाला देते हुए कहा था कि राजनीति में सेवानिवृत्ति की उम्र होनी चाहिए। अभिषेक बनर्जी के करीबी माने जाने वाले पार्टी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने दावा किया कि पुराने और नए नेताओं के बीच कोई खींचतान नहीं है, लेकिन उन्होंने कहा कि पुराने नेताओं को ''यह पता होना चाहिए कि कहां रुकना है'' और उन्हें अगली पीढ़ी के नेताओं के लिए जगह बनाने की जरूरत है। घोष के इस बयान पर हालांकि बहस तब तेज हो गई थी जब 70 वर्ष से अधिक उम्र के कई मौजूदा सांसदों, मंत्रियों और विभिन्न पदों पर आसीन कई वरिष्ठ नेताओं ने घोष की टिप्पणी का विरोध किया। तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा में पार्टी नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा, ममता बनर्जी पार्टी प्रमुख हैं... उनका निर्णय अंतिम है।


यदि उन्हें लगता है कि कोई सेवानिवृत्त होने लायक हो गया है, तो वह सेवानिवृत्त हो जाएगा। और यदि उन्हें (ममता बनर्जी) लगता है कि ऐसा नहीं है तो वह व्यक्ति पार्टी के लिए काम करता रहेगा।

# हम ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ जल्द से जल्द रोकने का प्रयास करेंगे: दीप्ति शर्मा



**मुंबई/भाषा।** भारतीय महिला टीम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पिछले 16 साल से ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर नहीं हरा पाई है लेकिन ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने कहा कि उनकी टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी के विजय अभियान पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत ने घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया से लगातार नौ वनडे मैच गंवाए हैं जिनमें वर्तमान शृंखला के पहले दो मैच भी शामिल है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को वनडे में आखिरी बार अपने मैदान पर 23 फरवरी 2007 को चेन्नई में हराया था। दीप्ति ने कहा,''जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन एक टीम के रूप में हमने काफी सुधार किया है फिर चाहे वह गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी। हम जल्द से जल्द उनका विजय अभियान थामने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा,''हमारी टीम में बहुत सुधार हुआ है। इससे पहले जब भी हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते थे तो मैच इतने करीबी नहीं होते थे। पिछले मैच में यह हमारे लिए सकारात्मक पहलू रहा कि हम मैच को आखिर तक ले गए।




# नीरज चोपड़ा के बाद किशोर जेना और डीपी मनु एआईयू के आरटीपी में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और डीपी मनु को भी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ वैश्विक ट्रैक एवं फील्ड की डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल कर दिया गया है।

मौजूदा विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले कुछ समय से आरटीपी में शामिल हैं लेकिन जेना और मनु को पहली बार इसमें शामिल किया गया है जिससे भाला फेंक में विश्व स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे का पता चलता है। जेना हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व चैंपियनशिप 2023 में पांचवें जबकि मनु छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। भारत के तीन खिलाड़ियों का शीर्ष छह में शामिल होना अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

भारत के अब सात खिलाड़ी एआईयू के आरटीपी में शामिल हो गए हैं। 3000 मीटर स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, महिला भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी और लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर और जेसविन एल्ड्रिन इस सूची में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं।

आरटीपी में शामिल खिलाड़ियों को प्रत्येक तिमाही में अपने ठहरने के स्थान की जानकारी देनी होती है। इसमें घर का पता, ईमेल, फोन नंबर, अभ्यास स्थल, प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम और उनका आयोजन स्थल शामिल है।

# कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध से आगे बढ़ गया, आईपीएल में कप्तानी का लुत्फ उठाया: वार्नर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सिडनी/भाषा।** संन्यास ले रहे दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने सोमवार को कहा कि 2018 के गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण के बाद उनके कप्तानी करने पर लगे आजीवन प्रतिबंध से बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था लेकिन वह इस मामले से आगे बढ़ गए हैं। टीम के साथी कैमरन बैनक्रॉफ्ट के पैंट की जेब में सैंडपेपर (रेगमाल) के साथ पकड़े जाने के बाद वार्नर के कप्तानी करने पर आजीवन प्रतिबंध लगाया गया था और ऑस्ट्रेलिया ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केप टाउन टेस्ट के दौरान गेंद से छेड़छाड़ की बात स्वीकार की थी।

जिन तीन क्रिकेटरों को सजा दी गई थी उनमें तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ और बैनक्रॉफ्ट भी



शामिल थे। वार्नर को सबसे कड़ी सजा मिली थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए आचार संहिता में 2022 में हुए संशोधन के बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज वार्नर को प्रतिबंध के खिलाफ अपील करनी थी लेकिन बाद में उन्होंने ऐसा नहीं करने का फैसला किया क्योंकि उन्हें पता चला कि समीक्षा पैनल की सुनवाई सार्वजनिक रूप से की जानी थी।

इस हफ्ते एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वार्नर ने कहा, जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो इससे (गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण) अलग तरीके से निपटा जा सकता था लेकिन मुझे लगता है कि निक (हॉकले, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी) ने इसे बोर्ड के सामने रखने की पूरी कोशिश की और फैसला किया गया और मैं इससे खुश हूं। मैं उससे आगे बढ़ चुका हूं। वार्नर से पूछा गया था कि क्या अब भी उनके मन में आजीवन नेतृत्व प्रतिबंध और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा समीक्षा के तरीके को लेकर कोई कड़वाहट है।

## सुविचार

सच की राहों पर चलो तो फायदा ही फायदा होता है, क्योंकि इस राह पर भीड़ हमेशा कम होती है।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# आतंकियों का प्रत्यर्पण करे पाक

पाकिस्तान में रहने वाले कुख्यात आतंकवादी हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग कर भारत ने इस पड़ोसी देश को संदेश दे दिया है कि अगर वह संबंधों को सामान्य करना चाहता है तो अपने पाले हुए उन आतंकवादियों को हमें सौंपना होगा, जो यहां वांछित हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के इन शब्दों से इस्लामाबाद में हड़कंप मचा हुआ है कि 'हमने प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को एक अनुरोध भेज दिया है।' इस पर पाकिस्तानी विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच का बयान हास्यास्पद है कि 'यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पाकिस्तान और भारत के बीच कोई द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि मौजूद नहीं है।' क्या पाक ने भारत से हुई किसी संधि या समझौते का कभी सम्मान किया है, जो अब उसकी ओर से यह दलील दी जा रही है? संधि को तोड़ना और समझौते का उल्लंघन करना तो पाकिस्तान का राष्ट्रीय चरित्र है! अगर दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि हुई होती, तो भी पाकिस्तान खुद का कोई आतंकवादी नहीं सौंपता। पाक जानता है कि अगर उसने अंतरराष्ट्रीय दबाव में आकर हाफिज सईद को भारत को सौंप दिया तो वह भारतीय जांच एजेंसियों की पूछताछ में टूट जाएगा और तोते की तरह सारे राज़ उगल देगा। उधर, पाकिस्तान की जनता भी सड़कों पर उतरकर इस्लामाबाद की ईंट से ईंट बजा देगी। बहुत मुमकिन है कि अगर हाफिज सईद को सौंपने की नौबत आ ही जाए तो आईएसआई खुद ही उसकी हत्या कर देगी! इन दिनों पाकिस्तान में 'अज्ञात' हमलावर खूब सक्रिय हैं, जिन्होंने कई खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया है। हो सकता है कि किसी दिन हाफिज सईद के बारे में भी ऐसी ख़बर आ जाए!


वास्तव में पाकिस्तान जानता है कि ये पुराने आतंकवादी उसके लिए अब खास उपयोगी नहीं हैं। इनकी वजह से उसे वैश्विक मंचों पर भारत खूब आड़े हाथों लेता है। लिहाजा वह इनसे 'पीछा छुड़ाना' चाहता है। लेकिन इसका यह अर्थ बिल्कुल नहीं है कि पाक का हृदय-परिवर्तन हो गया है। वह आतंकवादियों की नई पौध तैयार कर चुका है, जिनका कोई खास रिकॉर्ड नहीं है। आज भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान को चिट्ठी भेजकर किसी आतंकवादी के प्रत्यर्पण की मांग की जाती है तो इसे सामान्य घटना नहीं समझना चाहिए, चूंकि पिछली सरकारें भी समय-समय पर ऐसी चिट्ठियां लिखती रही हैं। हर कोई जानता है कि पाकिस्तान ऐसी सभी चिट्ठियों का जवाब 'ना' में ही देगा, लेकिन अब यह मुद्दा फिर से चर्चा का विषय बन गया है। दोनों देशों के बयान वैश्विक संगठनों के नीति-निर्माताओं की नजरों में भी आएंगे। खासतौर से फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) के अधिकारी इन पर गौर करेंगे। पाकिस्तान अक्टूबर 2022 में चार साल बाद एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' से बाहर निकला था। उस पर आतंकियों को वित्तपोषण और धनशोधन जैसे गंभीर आरोप लगे थे। पाकिस्तान ने स्वीकार किया है कि अब उसे भारत की ओर से जो अनुरोध प्राप्त हुआ है, उसमें धनशोधन के मामले का उल्लेख कर हाफिज सईद का प्रत्यर्पण चाहा गया है। एफएटीएफ की नजरों में आने के बाद पाकिस्तान में आतंकियों को वित्तपोषण और धनशोधन का मामला फिर उठ सकता है। इससे पाक को फिर से 'ग्रे लिस्ट' में ले जाने में मदद मिलेगी। पाकिस्तानी मीडिया पर उसके विशेषज्ञ कई बार स्वीकार कर चुके हैं कि 'ग्रे लिस्ट' में जाने के बाद मुल्क दिवालिया होने के कगार पर आ गया है। अगर पिछले तीन वर्षों की घटनाओं पर ही ध्यान दें तो पता चलता है कि इस अवधि में पाक में विदेशी मुद्रा बहुत कम आई, इससे डॉलर का भाव आसमान छूने लगा, ईंधन, आटा, सब्जियों आदि की किल्लत हो गई। अगर पाक एक बार फिर 'ग्रे लिस्ट' में चला गया तो उसकी अर्थव्यवस्था ताश के महल की तरह ढह जाएगी। इसलिए कल्याण इसी में है कि हाफिज सईद, दाऊद इब्राहिम जैसे तमाम वांछित आतंकवादियों को भारत को सौंपने का तुरंत इंतजाम करे।

## ट्वीटर टॉक



नव वर्ष 2024 प्रारंभ पर रात्रि समय रामनिवास बाग एवं जेके लोन अस्पताल के समीप स्थित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया तथा वहां आश्रय लिए हुए नागरिकों का कुशलक्षेम जाना व शीत ऋतु में सर्दी से बचाव हेतु कंबल वितरित किए ।

भजनलाल शर्मा



मैं देश के सभी 140 करोड लोगों को अयोध्या के इस पवित्र भूमि से आह्वान कर रहा हूं। यह ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हमारे जीवन में आया है। 22 जनवरी को जब रामलला अयोध्या में विराजमान हो, तब अपने घरों में भी रामज्योति जलाएं, दीपावली मनाएं।

-नरेन्द्र मोदी



गांधी पथ वैशाली में श्री राम कथा में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्री राम कथा हमें हर परिस्थिति में संयम बरतना सिखाती है। जिसके अनुसरण मात्र से ही जीवन के कठिन समय से हम पार पा सकते हैं।

-राज्यवर्धन सिंह राठौड़

## प्रेरक प्रसंग

# मेहनत की कमाई का मूल्य

एक धनाढ्य व्यक्ति का इकलौता पुत्र बिगड़ गया था। वह धन की परवाह नहीं करता था। पिता ने सोचा, पुत्र को सही रास्ते में लाना बहुत जरूरी है। एक दिन उसने पुत्र को बुलाया और 100 रुपये का नोट देकर कहा, 'जाओ इसे कुएं में फेंक दो।' बेटे ने वैसा ही किया। अगले दिन फिर पिता ने 100 रुपये का नोट दिया और बेटे को कुएं में फेंकने को कहा। तीन-चार दिन ऐसे ही चलता रहा। फिर एक दिन पुत्र ने पिता से खर्च के लिए पैसे मांगे तो उन्होंने कहा, 'आज पैसे नहीं मिलेंगे, स्वयं कमाकर लाओ।' पुत्र दिनभर मेहनत करके बमुश्किल 10 रुपये कमा पाया। वह पिता के पास कमाया हुआ पैसा लेकर गया तो पिता ने उसे कुएं में फेंकने के लिए कहा। पुत्र ने इसे फेंकने से इंकार कर दिया और बोला, 'इतनी मेहनत से कमा कर लाया हूं और आप इसे फेंकने के लिए कह रहे हो।' आज पुत्र मेहनत की कमाई का मूल्य जान गया था। मेहनत से जो प्राप्त होता है उसका आनंद ही अलग है। सहज से मिले धन में वो खुशी नहीं है।

## सामयिक

# वर्ष 2023 में भारत में निवेशक हुए मालामाल

प्रहलाद सबनानी

मोबाइल : 9987949940

भारतीय शेयर (पूंजी) बाजार द्वारा वर्ष 2023 में 20 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर अर्जित की गई है। वर्ष 2023 में सेन्सेक्स 11,399 अंकों (18.73 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 72,082 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है तो वहीं निफ्टी 3,626 अंको (20 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 21,731 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है। भारत के शेयर बाजार में उक्त वर्णित तेजी के चलते वर्ष 2023 में भारत के शेयर बाजार में निवेशकों के शेयरों में निवेश का बाजार मूल्य 81.90 लाख करोड़ रुपए से बढ़ गया है, जबकि वर्ष 2022 में यह 16.38 लाख करोड़ रुपए से बढ़ा था। यह भारत की लगातार उच्च स्तर की आर्थिक प्रगति एवं देश में राजनैतिक वातावरण के स्थिर बने रहने के कारण सम्भव हो सका है। हाल ही में तीन राज्यों में सम्पन्न हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के कारण भी शेयर बाजार में उच्छाल देखा गया था। वर्ष 2023 में बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड कम्पनियों के शेयरों का बाजार पूंजीकरण 81.90 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 364.28 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पर कर गया है। वर्ष 2023 में भारतीय शेयर बाजार में दर्ज की गई उक्त वृद्धि दर विश्व के समस्त इमर्जिंग बाजारों के बीच सबसे अधिक है। 29 नवम्बर 2023 को तो बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज पर पंजीकृत समस्त कम्पनियों का बाजार पूंजीकरण का स्तर 4 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया था जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार से भी अधिक है। भारत के संदर्भ में यह भी अपने आप में एक रिकार्ड है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार अभी 3.75 लाख करोड़ रुपए का ही है। 24 मार्च 2021 को बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज पर पंजीकृत समस्त कम्पनियों का बाजार पूंजीकरण 3 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंचा था, इस प्रकार केवल 2 वर्ष 8 माह के खंडकाल में ही उक्त कम्पनियों द्वारा जारी शेयरों का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपए की राशि से बढ़ गया है।

वर्ष 2023 में भारत के बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज के समाल केप (छोटे आकर की कम्पनियों द्वारा जारी शेयरों का बाजार पूंजीकरण) इंडेक्स में तो 47.52 प्रतिशत की वृद्धि दर आंकी गई है। वहीं, मिड केप (मध्यम आकार की कम्पनियों द्वारा जारी शेयरों का बाजार पूंजीकरण) इंडेक्स द्वारा 45.52 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित कर की गई है। 30 शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज इंडेक्स ने केवल नवम्बर 2023 माह में ही 4.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और दिसम्बर 2023 माह तो 7.83 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ा है। इस प्रकार नवम्बर एवं दिसम्बर 2023 माह भारत में निवेशकों के लिए बहुत फलदायी सिद्ध हुए हैं। यह सब भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2023-24 की दो तिमाहीयों, अप्रेल-जून 2023 में 7.8 प्रतिशत की एवं जुलाई-सितम्बर 2023 में 7.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर हासिल करने एवं कम्पनियों की लाभप्रदता में हुई अतुलनीय वृद्धि दर के चलते सम्भव हो पाया है। साथ ही, भारत में वृहद्द (मैक्रो) स्तर पर अर्थव्यवस्था में मजबूत संकेत बने हुए है तथा अब मुद्रा स्फीति पर भी नियंत्रण प्राप्त कर लिया गया है।



अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में भी कुछ नरमी आई है। इससे भारतीय रुपए के मूल्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत में भी स्थिरता दिखाई दी है।

आज भारत के शेयर बाजार में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों का बाजार पूंजीकरण 17.48 लाख करोड़ के स्तर को पार कर गया है, जो भारत में प्रथम स्थान पर है। द्वितीय स्थान पर टाटा कन्सल्टैंसी सर्विसेज है, जिसका शेयर बाजार पूंजीकरण 13.88 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है, तृतीय स्थान पर 12.98 लाख करोड़ रुपए के शेयर बाजार पूंजीकरण के साथ एचडीएफसी बैंक है। चतुर्थ स्थान पर 6.99 लाख करोड़ रुपए के शेयर बाजार पूंजीकरण के साथ आईसीआईसीआई बैंक है। इनफोसिस कम्पनी का पांचवा स्थान है, जिसका शेयर बाजार पूंजीकरण 6.40 लाख करोड़ रुपए का है।

विदेशी पॉटर्फोलीओ निवेशकों ने भी भारत के शेयर बाजार में वर्ष 2023 में 1.70 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का निवेश किया है। यह विदेशी निवेशकों के भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगातार बढ़ रहे विश्वास को दर्शा रहा है। केवल दिसम्बर 2023 माह में ही 66,134 करोड़ रुपए का निवेश विदेशी पॉटर्फोलीओ निवेशकों द्वारा भारत के शेयर बाजार में किया गया है। वर्ष 2024 में अमेरिकी बाजार में अब ब्याज दरों में कमी की सम्भावना व्यक्त की जा रही है इसके चलते वर्ष 2024 में भी भारत के शेयर बाजार में अमेरिकी पॉटर्फोलीओ निवेशकों द्वारा और अधिक मात्रा में निवेश किया जा सकता है। वर्ष 2022 में विदेशी पॉटर्फोलीओ निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 1.21 लाख करोड़ रुपए निकाले थे क्योंकि विकसित देशों ने मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों में बेतहाशा वृद्धि की थी। जबकि वर्ष 2021 में 25,752 करोड़ रुपए का, वर्ष 2020 में 1.7 लाख करोड़ रुपए का एवं वर्ष 2019 में 1.01 लाख करोड़ रुपए का निवेश भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पॉटर्फोलिओ निवेशकों द्वारा किया गया था।

वर्ष 2024 में विभिन्न देशों में मुद्रा स्फीति के नियंत्रण में रहने की सम्भावनाओं के बीच केंद्रीय बैकों द्वारा ब्याज दरों में कमी किए जाने के संकेत मिलने लगे हैं, अमेरिका में तो बांड यील्ड 5 प्रतिशत से अधिक रहते हुए अब 4 प्रतिशत के भी नीचे आ गई है अतः विदेशी निवेशक अब भारत जैसी तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था में अपना निवेश निश्चित रूप से बढ़ाएंगे। इस प्रकार, भारत के शेयर बाजार में तेजी की सम्भावनाएं वर्ष 2024 में लिए भी बनी हुई हैं।

भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या तो बढ़ी ही है साथ ही इन निवेशकों का शेयर बाजार पर विश्वास भी बढ़ा है और अब खुदरा निवेशक भी निवेश के सम्बंध में सही समय पर सही निर्णय लेकर अपने निवेश का बाजार मूल्य बढ़ाने में सफलता हासिल करने लगे हैं। भारत में 8 करोड़ से अधिक खुदरा निवेशकों के 13 करोड़ से अधिक डीमैट खाते खोले जा चुके हैं। डीमैट खाता उस खाते को कहते हैं जिसके माध्यम से शेयर बाजार में शायर खरीदे एवं बेचे जाते हैं।

वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी लगभग 10 प्रतिशत कम हुई हैं, इसका भी विशेष रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था पर अच्छा प्रभाव रहा है और अन्य देशों में भी इससे मुद्रा स्फीति की दर में कमी आ सकी है तथा कम्पनियों की लाभप्रदता में वृद्धि दर्ज हुई है। यह भी एक सुखद खबर है कि रूस यूक्रेन युद्ध, हम्मास इजराईल युद्ध एवं पश्चिमी एशियाई देशों के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव का असर भारतीय पूंजी बाजार पर नहीं के बराबर पड़ा है। विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में किए जा रहे भारी निवेश एवं भारत में लगातार बढ़ रहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के चलते भारत के विदेशी मुद्रा भंडार भी 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गए हैं। यह भारत के लिए बहुत सुखद स्थिति है।

## मुद्दा

# भारतीय सड़कों पर जिम्मेदारी की भावना लाएगा हिट एंड रन विधेयक?

डॉ सत्यवान सौरभ

मोबाइल : 9466526148

हिट एंड रन मामले वे होते हैं जहां सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहन का चालक घटनास्थल से भाग जाता है। भारतीय न्याय संहिता में लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई मौत के लिए जेल की सजा को बढ़ाकर सात साल तक की जेल और जुर्माना करने का भी प्रस्ताव किया गया है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है। आईपीसी की धारा 304ए के तहत मौजूदा प्रावधान, जो दो साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों का प्रावधान करता है। ये प्रस्तावित प्रावधान गलती करने वाले ड्राइवरों के लिए निवारक साबित होने की संभावना है, जो अक्सर जुर्माना देकर बच जाते हैं या कम जेल की सजा काटते हैं। वर्तमान में, हिट एंड रन मामलों में आरोपियों पर उनकी पहचान के बाद धारा 304ए के तहत मुकदमा चलाया जाता है और इसलिए वे ज्यादातर मामलों में मामूली सजा के साथ भी बच जाते हैं। धारा 104 (2) के तहत नए प्रावधान कोई लापरवाही से या गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आने वाले किसी भी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है और घटना स्थल से भाग जाता है या घटना की रिपोर्ट करने में विफल रहता है। घटना के तुरंत बाद पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को 10 साल तक की कैद की सजा दी जाएगी और इसके लिए उत्तरदायी भी होगा।

हिट-एंड-रन मामला भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक आम मामला बन गया है। सरल शब्दों में, हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं को एक ऐसे मामले के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जहां एक व्यक्ति गाड़ी चलाते समय दूसरे वाहन को टक्कर मारता है और मौके से भाग जाता है। अपने वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट करना ड्राइवर की आपराधिक और नागरिक जिम्मेदारी है। जैसे-जैसे भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं, मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाए गए कानूनों की व्याख्या करता है।

सड़क दुर्घटना के आंकड़े बताते हैं कि कैसे सड़कें हर किसी के लिए असुरक्षित जगह बन गई हैं। भारत में सभी सड़क दुर्घटनाओं में से 30 प्रतिशत से अधिक हिट-एंड-रन के मामले हैं, लेकिन हिट-एंड-रन दुर्घटना के केवल 10 प्रतिशत ड्राइवरों पर ही मामला दर्ज किया जाता है। दूसरे व्यक्ति की सुरक्षा के प्रति चिंता की कमी, लापरवाही से गाड़ी चलाना आम हैं। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में ऐसा कानून शामिल है जो हिट-एंड-रन दुर्घटना में शामिल व्यक्ति को कड़ी सजा देता है। हिट-एंड-रन की घटनाओं के पीड़ितों पर आईपीसी की धारा 279, 304ए और 338 लगाई जाती हैं।

लापरवाही से गाड़ी चलाने और हिट एंड रन के मामलों में सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चार वर्षों में भारतीय सड़कों पर हिट एंड रन के मामलों में कुल एक लाख से अधिक लोग मारे गए। आमतौर पर वर्तमान में पुलिस जांच अधिकारी आईपीसी से संबंधित धाराओं में प्रशिक्षित होते हैं और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के बारे में शायद ही जानते हों। इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि पुलिस अधिकारी एमवी अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसके प्रावधानों को भी समझें। प्रस्तावित विधेयक में तेज गति से या लापरवाही से गाड़ी चलाने से मानव जीवन को खतरे में डालने या किसी अन्य व्यक्ति को चोट या चोट पहुंचाने की संभावना के लिए आईपीसी के समान प्रावधान को बरकरार रखा गया है। ऐसे अपराध के लिए छह महीने तक की जेल या 1,000 रुपये तक जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। यह सर्वविदित है कि भारत दुनिया के सबसे अधिक दुर्घटना-प्रवण देशों में से एक है, जहां लगभग 1,50,000 मौतें होती हैं, जो दुनिया भर में मोटर वाहनों से संबंधित सभी मौतों का 107 है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। यहां तक कि सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन भी इस मामले में हमसे पीछे है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार; भारत में हर साल लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं, जिनमें लगभग 1।5 लाख लोग मारे जाते हैं। जहां तक सड़क सुरक्षा का सवाल है, अनुशासन अनिवार्य है। अगर इसे सही भावना से लागू किया जाए, तो कानून न केवल कठोर दंड लगाकर सभी की सड़क आदतों को बदल सकता है, बल्कि नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का भी प्रयास कर सकता है। यह बिल के पारित होने के बाद एक कुशल, सुरक्षित और भ्रष्टाचार मुक्त परिवहन प्रणाली प्रदान करेगा। यदि इसके साथ ही कानून में ये भी हो अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है तो उनको भी सजा हो। तब वाहन चालक इसकी गारंटी लेगा और केस में पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचाएगा।

## चिंतन

# स्वस्थ, सशक्त, ऊर्जावान भारत का निर्माण करें

संजीव ठाकुर

मोबाइल : 9009 415 415

नव वर्ष 2024 का आगमन हो चुका है, आप सभी को अनंत शुभकामनाएं। अब हमारा कर्तव्य बन जाता है कि तन मन धन को स्वस्थ रख एक सशक्त ऊर्जावान शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण करने में अपना समग्र योगदान प्रदान करें। मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता हैश्र इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगाश्र फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 557 हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी, अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं, यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है।

स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में हृदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्रिट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके।

शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है। भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# जगन्नाथ मंदिर में आज से फटी जींस, स्कर्ट, निकर पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पुरी (ओडिशा)/भाषा। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने 12वीं सदी के इस धार्मिक स्थल में निकर, फटी जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन वाले कपड़े पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश करने पर रोक लगा दी और उनके लिए 'ड्रेस कोड' अनिवार्य कर दिया है।

उसने नव वर्ष से मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने तथा प्लास्टिक और पॉलिथीन का इस्तेमाल करने पर भी पूर्ण रोक लगा दी है।

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने के लिए ''शालीन वस्त्र'' पहनने होंगे। हाफ पैंट, निकर, फटी हुई जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन के कपड़े पहनने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इस नियम के लागू होने से 2024 के पहले दिन मंदिर आ रहे पुरुष श्रद्धालुओं को धोती और तौलिया पहने हुए देखा गया और महिलाएं साड़ी या सलवार कमीज में नजर अहॉकी।

एसजेटीए ने पहले इस संबंध में एक आदेश जारी किया था और पुलिस से इन पाबंदियों को लागू करने के लिए कहा था।

अधिकारी ने बताया कि मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने वाले लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है।

इस बीच, नव वर्ष के दिन भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए पुरी में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोले गए जो देर रात एक बज कर 40 मिनट से ही ग्रांड रोड पर कतार में खड़े हो गए थे।

पुरी पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सोमवार को दोपहर 12 बजे तक 1,80,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने जगन्नाथ धाम के दर्शन किए। बिना किसी बाधा के दर्शन सुनिश्चित करने के साथ ही पुलिस दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए भी दर्शन की सुविधा सुनिश्चित कर रही है।

एसजेटीए और पुलिस ने श्रद्धालुओं के सुचारू दर्शन के लिए व्यापक बंदोबस्त किए हैं।

सेंट्रल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक आशीष कुमार सिंह ने कहा, पिछले साल इसी दिन के मुकाबले लगभग दोगुने से ज्यादा श्रद्धालु आज मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। देवताओं के दर्शन देर रात एक बजकर 40 मिनट पर शुरू हुए और अब भी चल रहे हैं। देवी-देवताओं से जुड़ी रस्में निभाने के लिए कुछ वक्त तक दर्शन रोक दिए गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि नव वर्ष पर शहर में यातायात संबंधी पाबंदियां लगायी गई हैं।

भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर में भी सोमवार से पान और तंबाकू उत्पादों के सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

तंबाकू या पान चबाते पाए गए श्रद्धालुओं को 11वीं सदी के इस शिव मंदिर में प्रवेश करने नहीं दिया जा रहा है। मंदिर में पॉलिथीन और प्लास्टिक के इस्तेमाल पर भी रोक लगायी गई है।

## चीन की विनिर्माण गतिविधि दिसंबर में धीमी, अर्थव्यवस्था अब भी कमजोर

बैंकॉक।चीन की विनिर्माण गतिविधियों में दिसंबर में गिरावट आई, जिसके साथ ही दुनिया की नंबर दो अर्थव्यवस्था अब भी सुस्त बनी हुई है। चीनी फैक्टरी प्रबंधकों के एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आधिकारिक विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक या पीएमआई दिसंबर में गिरकर 49 पर आ गया। अधिकारियों का मानना है कि यह सुस्त मांग का संकेत है। सूचकांक में 100 में से 50 से नीचे का आंकड़ा विनिर्माण गतिविधि में संकुचन, जबकि 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार को दर्शाता है। सूचकांक पिछले नौ महीनों में से आठ बार गिरा है, केवल सितंबर में इसमें वृद्धि हुई थी। नवंबर में यह 49.4 और अक्टूबर में 49.5 था।

वैश्विक महामारी के बाद लंबे समय तक कमजोर पड़ी अर्थव्यवस्था के करीब 5.2 प्रतिशत वार्षिक गति से बढ़ने की उम्मीद है। आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, चीन के राष्ट्रपति शीन चिनफिंग ने अपने नए साल के भाषण में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था, पहले से अधिक लचीली और गतिशील'' बन गई है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के मुद्रास्फीति से निपटने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने से विनिर्मित वस्तुओं की वैश्विक मांग प्रभावित हुई है।

अभिवादन



खरगोन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को खरगोन में एक रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए।

# अमेरिकी नौसेना ने हूती लड़ाकों को मार गिराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेरूत। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने लाल सागर में एक मालवाहक जहाज पर हमला होने के बाद हूती विद्रोहियों पर गोलीबारी की जिसमें उसके कई लड़ाके मारे गए। गाजा में युद्ध के बाद से समुद्री संघर्ष भी बढ़ गया है।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने रविवार को कहा, हम आत्मरक्षा में कार्रवाई करने जा रहे हैं।

अमेरिकी मध्य कमान ने कहा कि यूएसएस ग्रेवली विध्वंसक पोत के चालक दल के सदस्यों ने पहले शनिवार देर रात को सिंगापुर के ध्वज वाले एक जहाज पर हमला करने वाली दो जहाज रोधी बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया। सिंगापुर के जहाज पर दक्षिणी लाल सागर में हमला किया गया था। अमेरिकी नौसेना ने बताया कि इसके बाद चार छोटी नौकाओं ने रविवार सुबह छोटे हथियारों से फिर उसी मालवाहक जहाज पर हमला किया और विद्रोहियों ने जहाज पर चढ़ने की कोशिश की।

हूती ने संघर्ष में अपने 10 लड़ाकों के मारे जाने की पुष्टि की है।

वाशिंगटन में व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिका ने हूती को स्पष्ट कर दिया है कि ''हम इन खतरों को गंभीरता से लेते हैं और हम आगे उचित निर्णय लेने जा रहे हैं। ईरान समर्थित हूती ने लाल सागर में जहाजों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। उसका कहना है कि वह इजराइल से जुड़े या इजराइली बंदरगाहों की ओर जाने वाले जहाजों को निशाना बना रहे हैं।



## सोनाली बेंद्रे ने अपने परिवार के साथ हरिद्वार में की गंगा आरती

मुंबई/एजेन्सी

नई साल की शुरुआत के लिए अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे अपने पति गोल्डी बहल और बेटे रणवीर के साथ हरिद्वार पहुंची। अभिनेत्री ने फैंस के साथ हरिद्वार से अपने अद्भुत दिन की झलक शेयर की। 'दिलजले' अभिनेत्री एक उत्साही सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 4.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वह अक्सर फोटो-शेयरिंग एप्लिकेशन पर अपने प्रशंसकों के साथ अपने दैनिक जीवन के अपडेट शेयर करती रहती हैं।

अभिनेत्री ने कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें हम उन्हें अपने परिवार के साथ केबल कार और रिक्शा की सवारी का आनंद लेते हुए देख सकते हैं। स्पष्ट तस्वीरें दिखाती हैं कि सोनाली दिल खोलकर हंस रही है और वह हरिद्वार में अपने दिन का आनंद ले रही है। उन्होंने हरे रंग का सलवार सूट पहना हुआ है और इसे बैंगनी रंग की जैकेट के साथ पेयर किया है। परिवार हरिद्वार में गंगा आरती में हिस्सा लेता नजर आ रहा है।

पोस्ट को कैप्शन दिया, सबसे अद्भुत गंगाजी आरती के साथ हरिद्वार में ई-रिक्शा और केबल कार की सवारी अद्भुत रही, हमें इतनी आसानी से अंदर और बाहर ले जाने के लिए पीलीभीत हाउस हरिद्वार को धन्यवाद। सोनाली की पहली मुलाकात फिल्म निर्माता गोल्डी से उनकी फिल्म 'नाराज' के सेट पर हुई थी। उन्होंने नवंबर 2002 में मुंबई में शादी कर ली। अभिनेत्री को पिछली बार 'द ब्रोकन न्यूज' सीरीज में देखा गया था।

पुरस्कार




गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सोमवार को मोढेरा के ऐतिहासिक मोढेरा सूर्य मंदिर में योग के बारे में जागरूकता अभियान के लिए 'सूर्यनमस्कार' के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए।

# जरूरत पड़ने पर अमेरिका, द.कोरिया का 'नामोनिशान मिटा' देना चाहिए : किम जोंग उन ने अपनी सेना से कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सियोल।उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना से कहा कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया उसके खिलाफ उकसावे की कार्रवाई करते हैं तो उनका ''नामोनिशान मिटा'' देना चाहिए। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया ने बताया कि इसके साथ ही किम ने अमेरिकी नेतृत्व वाले अभूतपूर्व टकराव से निपटने के लिए राष्ट्रीय रक्षा को मजबूत करने का संकल्प जताया है। अमेरिका-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यास के विस्तार के जवाब में उत्तर कोरिया ने हाल के महीनों में इस तरह की बयानबाजी तेज कर दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले तक उत्तर कोरिया इस तरह की बयानबाजी और हथियारों का परीक्षण जारी रख सकता है।

पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ दल की पांच दिवसीय बैठक में किम ने कहा कि वह इस साल तीन और सैन्य जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण करेंगे, अधिक परमाणु हथियारों का उत्पादन करेंगे और हमला करने वाले ड्रोन तैयार करेंगे। पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रयास भविष्य में अमेरिका पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाने के लिए है। सेना के कमांडिंग अधिकारियों के साथ रविवार को हुई बैठक में किम ने देश के परमाणु हथियारों के संदर्भ में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा की खातिर ''सबसे कीमती हथियार'' को हमले के लिए तैयार रखना जरूरी है। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, किम ने इस बात पर जोर दिया अगर वे (अमेरिका, दक्षिण कोरिया) उत्तर कोरिया के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई करते हैं तो ''हमारी सेना को बिना हिचक अपने सभी प्रमुख संसाधनों को जुटाकर उनका नामोनिशान मिटाने के लिए जवाबी हमला करना चाहिए। उधर, नव वर्ष के मौके पर सोमवार को अपने संबोधन में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने कहा कि वह उत्तर कोरियाई परमाणु खतरे से निपटने के लिए अपनी सेना को पूरी तरह तैयार रखने, मिसाइल रक्षा प्रणाली और जवाबी कार्रवाई क्षमताओं को मजबूत करने पर जोर देंगे। यून ने दक्षिण कोरिया के आधिकारिक नाम का उपयोग करते हुए कहा, कोरिया गणराज्य अपने आप को मजबूत करके वास्तविक, स्थायी शांति के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, न कि ऐसी शांति जो विरोधी के सद्भाव पर निर्भर हो।




## एनटीआर जूनियर की फिल्म 'देवरा' की नया पोस्टर रिलीज

मुंबई/वार्ता

दक्षिण भारतीय अभिनेता एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवरा' की नया पोस्टर रिलीज हो गया है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित फिल्म, देवरा के निर्माताओं ने एक धमाकेदार पोस्टर जारी किया है, जिसमें एनटीआर जूनियर कोतीव्र और उग्र लुक में दिखाया गया है। एनटीआर जूनियर ने पोस्टर शेयर कर लिखा,आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। 8 जनवरी को देवरा की झलक आप सभी को दिखाने का इंतजार नहीं कर सकता।'

कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्टर्स और एनटीआर आर्टर्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 5 अप्रैल, 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।फिल्म में जान्हवी कपूर और सैफ अली खान सहित कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।देवरा के लिए संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया, और छायांकन आर रत्नावेलु ने किया है।

# नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस को छह महीने जेल की सजा सुनाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ढाका/भाषा। बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री डॉ. मुहम्मद यूनुस को सोमवार को एक अदालत ने श्रम कानून के उल्लंघन के आरोप में छह महीने जेल की सजा सुनाई।

यूनुस के समर्थकों ने इस घटनाक्रम को ''राजनीति से प्रेरित'' बताया है।

श्रम अदालत की न्यायाधीश शेख मेरिना सुल्ताना ने फैसला सुनाते हुए कहा कि उनके खिलाफ श्रम कानून का उल्लंघन करने का आरोप सिद्ध हो चुका है।

न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि यूनुस को एक व्यावसायिक कंपनी के तीन अन्य अधिकारियों के साथ ग्रामीण टेलीकॉम के अध्यक्ष के रूप में कानून का उल्लंघन करने के लिए छह महीने की साधारण कारावास की सजा काटनी होगी।

फैसला सुनाए जाने के समय 83 वर्षीय यूनुस अदालत में मौजूद थे।

न्यायाधीश ने उनमें से प्रत्येक पर 25,000 टका का जुर्माना भी लगाया और कहा कि ऐसा न करने पर उन्हें 10 दिन और जेल में काटने होंगे।

'बांग्लादेशी टका' बांग्लादेश की मुद्रा है।

फैसले के तुरंत बाद, यूनुस और तीन अन्य ने जमानत के लिए आवेदन किया। न्यायाधीश ने 5,000 टका के मुचलके के बदले उन्हें एक महीने की जमानत दे दी।

कानून के तहत, यूनुस और तीन अन्य लोग फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील कर सकते हैं।

यूनुस को ग्रामीण बैंक के माध्यम से अपने गरीबी विरोधी अभियान के लिए 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के साथ अज्ञात कारणों से उनका विवाद जारी है। वर्ष 2008 में हसीना के सत्ता में आने के बाद अधिकारियों ने यूनुस के खिलाफ कई मामलों में जांच शुरू की थी।

उनके समर्थकों ने फैसले को ''राजनीति से प्रेरित'' बताया है।

## सलार के बाद प्रभास की नई फिल्म का ऐलान, निर्देशक ने जारी किया पोस्टर

मुंबई/एजेन्सी

साउथ स्टार प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म सलार को लेकर हर तरफ छाए हुए हैं। एक्टर की फिल्म हाल ही में रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी बढ़िया रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है और ये कमाई के मामले में भी कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी हैं। वहीं, अब सलार की सफलता के बाद प्रभास की एक और फिल्म का ऐलान हो गया है।

इस फिल्म में नजर आएंगे प्रभास

प्रभास अब डायरेक्टर मारुति संग काम करने जा रहे हैं। मारुति ने खुद प्रभास संग अपनी नेक्स्ट फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसके बाद तो एक्टर के फैंस की खुशी का ठिकाना ही नहीं है। मारुति ने फिल्म का पोस्टर जारी कर प्रभास की अगली फिल्म की अनाउंसमेंट की है। पोस्टर देखकर एक्टर के फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। डायरेक्टर ने पोस्टर शेयर कर किया ऐलान

मारुति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (ट्विटर) पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है-




उत्साहित और लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रहा था। रिबेल स्टार प्रभास को एक नए अवतार में दिखाने के लिए बहुत खुश हूं। मिलते हैं पोंगल पर'। कब रिलीज होगी ये फिल्म

पोस्टर में भी यही बात लिखी हुई है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का टाइटल या प्रभास का लुक रिवील नहीं किया गया है। लेकिन मारुति ने इसकी रिलीज का हिंट दे दिया है। पोस्ट के मुताबिक फिल्म पोंगल पर रिलीज हो सकती है। प्रभास की हालिया रिलीज सलार की बात करें तो, फिल्म ने अब तक 521.85 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म की कमाई अभी भी जारी है. इस फिल्म ने शाहरुख खान की डंकी को भी पीछे छोड़ दिया है।

# फिल्म 'सती बिहुला' की शूटिंग शुरू

मुंबई/वार्ता

ब्राइट सन प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म 'सती बिहुला' की शूटिंग शुरू हो गयी है। फिल्म सती बिहुला में मुख्य भूमिका में पायस पंडित और प्रिंस सिंह राजपूत नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश के प्रयाग राज में हो रही है, फिल्म 'सती बिहुला', महिलाओं के समर्पण की लोकगाथा पर आधारित फिल्म है, जिसका निर्देशन रितेश ठाकुर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खासतौर पर दलित जातियों में प्रचलित यह लोकगाथा अब अपनी जातीय सीमाओं से परे पूरे बिहार में पसंद की जाती है। यह कहानी सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं के समर्पण और महत्व को रेखांकित करती है। वहीं, फिल्म को लेकर प्रिंस सिंह राजपूत ने कहा कि लोकप्रिय लोकगाथा को परदे पर अमर करना आसान नहीं है, लेकिन फिर भी और हमारी टीम इस कहानी पर एक शानदार फिल्म लेकर आने वाली हैं। यह लोगों को अपनी समृद्ध लोक संस्कृति से रूबरू कराएगी। बिहुला लक्ष्मीपुर के राजा की बेटी थी। उसकी शादी बाला लखन्दर से होती है वह अपने ससुराल नेवला, बिल्ली, गरुड़ के साथ पहुंचती है। लेकिन तमाम सावधानी के बावजूद तांत्रिक लखंदर को सांप से डंसवाने में कामयाब हो जाता है और लखंदर की मौत हो जाती है। उसके बाद कहानी आगे बढ़ती है और जो बिहुला करती है, वह इस फिल्म का क्लाइमेक्स भी है। और यह जानने के लिए फिल्म देखनी होगी। अभी हम सभी इसको जीवंत बनाने के लिए लगातार इस सर्दी में शूट कर रहे हैं।

पायस पंडित ने कहा कि लोक संस्कृति की अमर किरदार सती बिहुला को जीना मेरे लिए बेहद सौभाग्य की बात है। यह कहानी ही मुझे खूब पसंद आई है। यह कहानी महिलाओं के सशक्त होने का प्रमाण है और इससे पता चलता है कि महिलाएं हर युग में मजबूत रही हैं, लेकिन बस उसे अपने शक्ति को पहचानने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म मेरी अब तक की सभी फिल्मों में स्पेशल है और मैं चाहूंगी कि हमारी से फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार और आशीर्वाद मिले।



RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

कर्नाटक में बसे सोजतरोड़ के पैतृक जैन बंधुओं का आपसी मेलजोल बढ़ाने, आपसी जुड़ाव को मजबूती द के उद्धेश्य से सोजतरोड़ जैन संघ कर्नाटक का गठन किया गया। बसवनगुड़ी में देवीचंद बोहरा, उगमराज फूलपगर व सुरेशचंद गुन्देचा के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में संघ गठन की रूपरेखा तैयार की गई।



# सेवा व सकारात्मक सोच हमें विकास की राह पर अग्रसर करती है : मुणोत

## नववर्ष के मौके पर की गौसेवा व संत सत्संग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बन्नरघट्टा के खाटूश्याम मंदिर परिसर के पास स्थित श्याम गौशाला में नववर्ष के स्वागत में गौसेवा व सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस भजन संध्या में भजन कलाकार हेमंत जोशी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी तथा भजनों के माध्यम से उपस्थित जनों को गौसेवा के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में गो भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा की भावना एवं सकारात्मक सोच के साथ जीवन के हर पल का आनंद लेना चाहिए। माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हुए उनकी सेवा एवं सम्मान करना चाहिए। हमें किसी का भी दिल नहीं दुखाना चाहिए।

कार्यक्रम में सोनाणा खेतला के भक्त दिलीप सोनी, हरिकिशन गहलोत, प्रतापसिंह राजपूत, पुखराज माली एवं अन्य गौभक्तों ने मुणोत का सम्मान किया।



# भगवान महावीर के पदचिन्हों पर चलने वाला है जैन समाज : विधायक रवि सुब्रमण्यम

## हनुमंतनगर में नवीनीकृत स्थानक भवन का विधायक ने किया उद्घाटन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ एवं ट्रस्ट के तत्वावधान में नवीनीकृत स्थानक भवन का उद्घघाटन विधायक रविसुब्रमण्यम की उपस्थिति में साध्वी श्री विजयलताजी के मंगल पाठ से हुआ। अध्यक्ष गौतम सिंघवी ने सभी का स्वागत किया। विधायक रविसुब्रमण्यम का स्वागत ट्रस्ट के अध्यक्ष सज्ञनराज लुंकड़, मंत्री उत्तमचंद बोहरा, संघ अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी, मंत्री सुरेश धोका ने किया।



इस मौके पर विधायक ने कहा की जैन समाज भगवान महावीर के पदचिन्हों पर चलने वाला एवं शांति प्रिय समुदाय हैं। जैन समाज पूरे विश्व में शांति का संदेश फैलाता है। साध्वश्री प्रज्ञाश्रीजी ने भजनों के माध्यम से संदेश दिया कि हमारा नववर्ष हमें तिथि के तहत मानना चाहिए । साध्वीश्री पुण्याश्रीजी ने कहा कि कुछ भी हो जाए हमें अपनी संस्कृति एवं धर्म को नहीं छोड़ना चाहिए। इस मौके पर संस्थापक कुंदनमल भंडारी, घेवरचंद सिंघवी, पारसमल लूंकड, पारसमल बाफना, उत्तमचंद संकलेचा के योगदान को याद किया गया। पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद मुथा, पूर्व मंत्री गौतमचंद गोटावत के कार्यों की अनुमोदना की गई।

संघ के मंत्री सुरेश धोका ने गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2024 के चातुर्मास हेतु प्रयास जारी हैं एवं शीघ्र ही घोषणा की जाएगी। नवयुवक मण्डल द्वारा संचालित गुरुकुल की रिपोर्ट पेश की गई । हनुमंतनगर जैन प्रीमियम लीग करीब 12 वर्षो से चल रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को जोड़ना है। साध्वीश्री विजयलताजी ने नववर्ष का मांगलिक प्रदान किया। संचालन मंत्री सुरेश धोका ने किया। इस मौके पर स्थानकवासी महासंग के अध्यक्ष, भीकमचन्द सकलेचा, कोषाध्यक्ष हस्तीमल बाफना सहित विभिन्न संघों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद सकलेचा, संघ के उपाध्यक्ष हुक्मीचंद बाफना, पारसमल दुगड़, नेमीचंद दक, सहमंत्री संजय सिंघवी, रमेश गुंदेचा, रोशनलाल बाफना, कोषाध्यक्ष धनराज मुथा महिला मण्डल की अध्यक्षा मंजू बलिया, सलाहकार प्रभाबाई गुलेच्छा, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष मनोज सोलंकी, मंत्री विशाल बोहरा, पूर्व अध्यक्ष हुक्मीचंद कांकरिया एवं कल्याण सिंह बुरड़, सुनील बोहरा,रंजीत धोका आदि उपस्थित थे। अल्पाहार के लाभार्थी गौतमचंद संजयकुमार स्वरूप सिंघवी परिवार का सम्मान किया गया।

# सोच बदलेगी तो प्रवृति और वृति भी बदलेगी : साध्वी आस्थाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के केआरपुरम राममूर्तिनगर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में जैन भवन में श्रमण संघीय साध्वीश्री आस्थाजी के सान्निध्य में नववर्ष का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आगाज नवकार महामंत्र की अलग अलग धुन में जाप के साथ किया गया।



ज्ञान वाटिका के बच्चों ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। महिला मंडल व बालिका मंडल ने गीत के माध्यम से साध्वियों का स्वागत किया। धद मौके पर साध्वीश्री प्रणतिश्रीजी ने कहा कि महासती प्रणतिजी ने कहा कि हमें नववर्ष में अपने दिमाग में आइस फैक्टरी यानी शांति, वाणी में शुगर फैक्टरी यानी मधुरता तथा मन में लव फैक्टरी यानी प्रेम की फैक्टरी खोलना चाहिए तभी हमारा नववर्ष मनाना सार्थक होगा। साध्वी परिज्ञाजी ने कहा कि होठ से नहीं अपितु मन से नववष 'मनाना चाहिए।

साध्वी श्रद्धाजी ने कहा कि नववर्ष में धर्म साधना को नवसंचार कर नव संकल्प करना है। साध्वी आस्थाजी ने कहा कि हमें नववर्ष पर हमारी सोच को बदलना है। सोच बदलेगी तो प्रवृति और वृति भी बदलेगी। संघ के मंत्री रिखबचंद मेहता ने साध्वियों का स्वागत करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम में होसकोटे, कमनहल्ली, उदयनगर, मारथल्ली, अल्सूर, सिंधनूर आदि अनेक स्थानों से श्रावक श्राविकाओं ने दर्शन,प्रवचन व नववर्ष का मांगलिक श्रवण किया।

# भारतीय संस्कृति से ही कल्याण संभव : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चिकमंगलूर। शहर के शांतिनाथ जैन मंदिर के तत्वावधान में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि बिरुर । जिला, चिकमगलूर । विमलनाथ जैन मंदिर । आचार्य श्री महेन्द्रसागरसूरिजी ने कहा कि अनुकरण मत कीजिए किसी ने किया इसलिए हम भी करें्। मंदिर स्थानक जाकर किसी की बुराई करना। इससे अच्छा घर में रहो और एक सामायिक करो तो हृदय से करें्।



अड़तालीस मिनट खुद को ऐसे दें कि कि आप इस बुराई से खुद को मुक्त कर सको- फिर मंदिर जाओ स्थानक-उपाश्रय जाओ तो सार्थक होगा। जो आप नहीं करते।

आधुनिकता के नाम से। फिल्म देखते रातको जागकर कि ये इस इस हीरो हीरोइन की ट्रायल है ये मेरे पसंदीदा है मुझे देखना पड़ेगा। ट्रायल में अंततः क्या होता है मुझे देखना पड़ेगा।




# हेल्पिंग हैंड्स ने नववर्ष के कैलेन्डर का किया विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर में स्थित हेल्पिंग हैंड्स जैन यूथ संस्था ने कबूतर दान प्रोजेक्टकर नौवी वर्षगांठ मनाई गई तथा कबूतरों को चुग्गा डाला गया।

इस मौके पर संस्था के मंत्री आनंद पटवा ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। सदस्यों ने इस मौके पर संस्था द्वारा प्रकाशित नववर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किवर। महिला सदस्याओं ने कबूतरदान के लिए धनराशि भेंट की।

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष महावीर खाबीया, मंत्री आनंद पटवा , कोषाध्यक्ष राजन बाघमार, ट्रस्टी राजेश पटवा, प्रसन्न छाजेड़, सदस्य मनोहर सांखला, पवन संचेती,संपत बाघमार सहित अनेक महिला सदस्याएं उपस्थित थीं।

# नव वर्ष से अच्छे जीवन के निर्माण का करें संकल्प : डॉ. सुयशनिधि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। जयगच्छीय जैन सन्त डॉ. पदमचन्द्र महाराज की सुशिष्याएँ जयगच्छीय समणी डॉ. सुयशनिधिजी एवं सुयोगनिधिजी के सान्निध्य में वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, श्रीरामपुरम के तत्वावधान में जैन स्थानक भवन के प्रांगण में नववर्ष के उपलक्ष में नवकार मंत्र जाप, प्रवचन तत्पश्चात् महामांगलिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। ज्ञान मुद्रा का प्रशिक्षण देते हुए डॉ. समणी सुयशनिधिजी ने श्वासोच्छ्वास के साथ नवकार मंत्र का मानस जाप करने की विधि बताई। नव वर्ष हर एक व्यक्ति को अच्छे, उन्नत एवं आध्यात्मिक जीवन निर्माण की प्रेरणा देता है।

डॉ. समणी ने अच्छे जीवन निर्माण हेतु 13 बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। यदि व्यक्ति अच्छा जीवन जीना चाहता है तो सभ्यता, सदाचार, स्वस्थता, सफलता, सत्य का मार्ग, समय का सदुपयोग एवं सौभाग्यशाली होने के लिए कदम आगे बढाना चाहिए। जिंदगी अच्छी तभी हो सकती है जब सद्गुणों का भीतर से प्रादुर्भाव होगा। विनम्रता, प्रत्येक जीव की भलाई, कार्य की उचितता, उपयुक्त एवं उल्लेखनीय जीवन बनाने के साथ-साथ प्राणी मात्र के प्रति मैत्री भावना रखने से साधक का जीवन उन्नत हो जाता है। प्रवचन के पश्चात् डॉ. समणी ने महामांगलिक श्रवण करवाया। कार्यक्रम में सुवालाल दक, शांतिलाल बोहरा एवं दिनेश खिंवसरा ने अपने भाव प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन बालूराम दलाल ने किया।



# जेवाईएस व सेवा ट्रस्ट के सदस्यों की तीर्थ यात्रा सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कंबोजगिरी,जगवल्लभ पार्श्वनाथ,जहाज मंदिर, कुंथुगिरि, शिरौली, पनहला, गुजरी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, कनेरी मठ, कलश मन्दिर आदि तीर्थों के दर्शन कर जैन युवा संगठन(जेवाईएस) व सेवा ट्रस्ट के सदस्य परिवार वापस बेंगलूरु लौटे।

अध्यक्ष महेन्द्र बागरेचा ने बताया कि इस यात्रा में भक्तिमय गीत गुंजन, प्रतियोगिता, सेवा, दर्शन, पूजा व उपासना का सभी तीर्थयात्रियों ने लाभ लिया। संगठन मंत्री मदन मुणोत ने बताया कि इस संघ के आयोजन का उद्देश्य जैन संस्कृति व धरोहर के मूल्यों को जीवन में उतारते हुए स्वयं का कल्याण करना रहा। उपाध्यक्ष महावीर मुनोत, यात्रा संघ के संयोजक दिनेश खिंवेसरा, कमेटी सदस्य आतिश धोखा, अनिल बंट, विनय गांधी, मनीष चावत, हितेश कांकलिया, सहमंत्री विशाल गुगलिया, कोषाध्यक्ष मुकेश सुराणा ने 135 सदस्यीय यात्रा की व्यवस्था संभाली।



# सोजतरोड़ जैन संघ का हुआ गठन, संयोजक बने संतोषकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में बसे सोजतरोड़ के पैतृक जैन बंधुओं का आपसी मेलजोल बढ़ाने, आपसी जुड़ाव को मजबूती द के उद्धेश्य से सोजतरोड़ जैन संघ कर्नाटक का गठन किया गया। बसवनगुड़ी में देवीचंद बोहरा, उगमराज फूलपगर व सुरेशचंद गुन्देचा के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में संघ गठन की रूपरेखा तैयार की गई। संघ के कार्यों को सुचारू रूप देने हेतु सर्वसम्मति से संतोषकुमार सियाल को संयोजक तथा उत्तमचंद कोठारी व सिद्धार्थ बोहरा को सहसंयोजक नियुक्त किया गया। संयोजक संतोषकुमार सियाल के अनुसार नव गठित संघ का कर्नाटक भर में बसे सोजतरोड़ मूल के लगभग 250 परिवारों को एक सूत्र में पिरोने का प्रमुख लक्ष्य रहेगा। सहसंयोजक उत्तमचंद कोठारी ने जानकारी दी कि शीघ्र ही कर्नाटक में बसे सोजतरोड़ के मूल निवासियों की पारिवारिक जानकारी एकत्रित कर सामूहिक रूप से एक परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सहसंयोजक सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि जरूरतमन्द सदस्यों के आर्थिक उत्थान, सदस्यों की कला-कौशल प्रदर्शन को उचित मंच प्रदान करना तथा सोजतरोड़ में बसे जैन बंधुओं से संपर्कों को मजबूत करने के लक्ष्यों के साथ संघ अपने कार्यों को गति देगा। संघ गठन सभा में रमेश एन गुन्देचा, शांतिलाल सियाल, रमेश गुन्देचा, भरत गांधी, रमेश गांधी इत्यादि ने अपने सुझाव रखे।






# नव वर्ष पर हो हमारा उत्कर्ष : मुनि दीपकुमार

## केजीएफ में दीपमुनि के सान्निध्य में नववर्ष समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

केजीएफ। शहर के तेरापंथ भवन में नववर्ष का मंगलपाठ प्रदान करते हुए मुनिश्री दीपकुमारजी ने कहा कि नया वर्ष लोगों में उल्लास लिए आता है। नए वर्ष के प्रति आकर्षण का भाव दिखाई देता है। नये-पुराने दोनों का समन्वय जरूरी है। नव वर्ष हो हमारा उत्कर्ष नए वर्ष पर सभी आगे बढ़ना चाहते है। शिखर पर आरोहण करना चाहते है। इसके लिए तीन सूत्रों पर ध्यान देना चाहिए, संकल्प दृढ़ हो, इससे मंजिल तक पहुंचा जा सकता है। पवित्र संकल्पों से मन को भावित करें और सबसे बड़ा बल- संकल्प है। दूसरों की भूलों को माफ करना सीखना चाहिए। तीसरा सूत्र है प्रसन्नता, जो धार्मिक होगा वह सदा प्रसन्न रहेगा, वह कभी खिन्न नहीं रह सकता।

मुनिश्री ने सभी के प्रति नव वर्ष की मंगलकामना की। मुनि श्री ने आध्यात्मिक मंत्रों का जप करवाया एवं नव वर्ष का मंगल पाठ सुनाया। मुनिश्री काव्यकुमारजी ने लोगस्स एवं धम्मो मंगल आदि श्लोकों का गान किया। कार्यक्रम में मंगलाचरण तेरापंथ महिला मंडल ने किया। तेरापंथी सभा अध्यक्ष संतोष बांठिया ने सभी का स्वागत किया। तेयुप की ओर से कमलेश हिंगड़ ने सभी को धन्यवाद दिया।




# जोधपुर एसोसिएशन का नववर्ष मिलन एवं कैलेंडर विमोचन समारोह सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जोधपुर एसोसिएशन के सदस्यों का नववर्ष स्नेह मिलन रविवार को माहेश्वरी भवन में अध्यक्ष राजेंद्र सिंघी औरमंत्री जितेंद्र दुगड़ के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। पूर्व मंत्री सज्जन राज मेहता ने बताया कि अध्यक्ष राजेंद्र सिंघी ने सभी का स्वागत किया। मंत्री जितेन्द्र दुगड़ ने संघ की गतिविधियों की जानकारी दी।

एसोसिएशन द्वारा स्नेह मिलन पर हल्दी गोठ का आयोजन किया। इस मौके पर एसोसिएशन द्वारा नववर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन संस्था के चारों संरक्षक, पूर्व अध्यक्ष अशोक व्यास और पदाधिकारियों द्वारा किया गया। मिलन के प्रायोजक पूर्व अध्यक्ष अशोक व्यास परिवार का सम्मान एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंघी, मंत्री जितेन्द्र दुगड़, संरक्षक धीरेंद्र कुमार सिंघी, पदमराज मेहता, राजेन्द्र लोढा, लक्ष्मीचंद भंडारी, कोषाध्यक्ष प्रशान्त सिंघी, पूर्व मंत्री कैलाश भंसाली तथा सज्ञनराज मेहता ने किया। मंच संचालन मंत्री जीतेन्द्र दुगड़ ने किया और आभार सहमंत्री देवेन्द्र कोठारी ने व्यक्त किया ।

# कर्नाटक-तमिलनाडु सैंणचा परिवार का स्नेह मिलन 28 को

बेंगलूरु। कर्नाटक तमिलनाडु के प्रवासी सैंणचा भगत परिवारों में आपसी समन्वय बढ़ाने,जुड़ाव को मजबूती देने तथा आपसी नेटवर्किंग का विस्तार करने के उद्धेश्य से 28 जनवरी को तीसरा स्नेह मिलन तुमकूर रोड स्थित एक रिसोर्ट में किया गया।

इस आयोजन की व्यवस्था के लिए रविवार को कॉटनपेट स्थित सैंणचा भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष मोहनलाल सैंणचा ने बताया कि स्नेह मिलन में समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान किया



जाएगा। इस मौके पर होसूर के रूपाराम सैंणचा भी उपस्थित थे। विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग अलग समिति बनाकर समितियों को कार्य सौंपा गया। इस अवसर पर मांगीलाल, हीरलाल, गेनाराम, चिमनाराम, शेषाराम, अमरराराम सैंणचा आदि उपस्थित थे।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com